IMAX by classklap™

# TEACHER COMPANION BOOK

## LEVEL 4

Enhanced Edition



हिंदी

IMAX™

**Because no two students are the same.**

IMAX Program is India's only customised content and educational assessment program.

### 530 Published Books

IMAX Program has authored about 530 publications which are used by more than 4,50,000 students.

### Team of IITians & PhDs

Content development and automation are led by a team of IITians, data scientists and education experts from TISS and TFI.

### Workshops

IMAX Program has conducted teacher training workshops for more than 12,500 teachers.

### 85 Lakh Assessments

IMAX Program has conducted more than 85,00,000 assessments across 11 states in the last 9 years.

**Copyright © 2019 CLASSKLAP PVT. LTD. (Formerly BGM Policy Innovations Pvt. Ltd.)**

This book is sold subject to the condition that it shall not, by way of trade or otherwise, be lent, resold, hired out or circulated in any form, without the publisher's prior, written consent.

All rights reserved. No part of this publication, including but not limited to, the content, the presentation layout, session plans, themes, key type of sums, mind maps and illustrations, may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means (electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise), without the prior, written permission of the copyright owner of this book.

This book is meant for educational and learning purposes. The author(s) of the book has/have taken all reasonable care to ensure that the contents of the book do not violate any copyright or other intellectual property rights of any person in any manner whatsoever. In the event the author(s) has/have been unable to track any source and if any copyright has been inadvertently infringed, please notify the publisher in writing for any corrective action.

**Some of the images used in the books have been taken from the following sources:**
www.freepik.com, www.vecteezy.com, www.clipartpanda.com, Creative Commons Attribution

Published by: CLASSKLAP PVT. LTD.
(Formerly BGM Policy Innovations Pvt. Ltd.)
Plot No. 2/5, S.S.S Nagar, West Marredpally, behind West
Marredpally Police Station, Secunderabad, Hyderabad 500026

**This book is part of a package of books and is not meant to be sold separately. For MRP, please refer to the package price.**

# विषय सूची


| क्र.सं. | नाम | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | वार्षिक पाठ्यक्रम योजना | 1-4 |
| 2. | FA और SA परीक्षा का नमूना | 5-7 |
| 3. | हिंदी पाठ योजना | 8-66 |
| 4. | उत्तर पुस्तिका | 67-92 |
| 5. | अभ्यास पत्र | 93-102 |

# वार्षिक पाठ्यक्रम योजना

### स्तर - 4

## दो सत्रीय वार्षिक योजना सार:

| वार्षिक योजना | | |
|---|---|---|
| सत्र | कालांश संख्या | |
| 1 | कालांश | 60 |
| 2 | कालांश | 60 |
| | कुल कालांश | 120 |

### सत्र 1 मूल्यांकन योजना

| सत्र 1 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 1 | 14 | 14 | |
| FA 2 | 15 | 29 | |
| SA 1 | 31 | 60 | |

### सत्र 2 मूल्यांकन योजना

| सत्र 2 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 3 | 16 | 16 | |
| FA 4 | 16 | 32 | |
| SA 2 | 28 | 60 | |

## सत्र 1: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | विनती | 6 | FA1 | SA1 |
| | 2 | बुद्धिमान मेमना | 8 | FA1 | |
| | 3 | हमारा स्वास्थ्य | 8 | FA2 | |
| | 4 | झरना | 6 | FA2 | |
| | पठन हेतु | घमंडी शेर | 1 | FA2 | |
| | 5 | खुशबू की कीमत | 8 | | |
| | 6 | संयुक्त परिवार | 8 | | |
| | 7 | मोबाइल फ़ोन | 8 | | |
| | 8 | बढ़ता चल | 6 | | |
| | पठन हेतु | बूझो तो जानें | 1 | | |

## सत्र 2: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | स्वामी विवेकानंद | 8 | FA3 | SA2 |
| | 10 | साहसी बालिका | 8 | FA3 | |
| | 11 | भारत में ऋतुएँ | 7 | FA4 | |
| | 12 | पशु से सुरक्षा | 8 | FA4 | |
| | पठन हेतु | चिड़ियाघर | 1 | FA4 | |
| | 13 | छुट्टी पत्र | 7 | | |
| | 14 | दीपावली का त्योहार | 8 | | |
| | 15 | कूल कप्तान | 8 | | |
| | 16 | गिनती | 4 | | |
| | | आओ खेल खेलें | 1 | | |

## तीन सत्रीय वार्षिक योजना सार:

| वार्षिक योजना | | |
|---|---|---|
| सत्र | कालांश संख्या | |
| 1 | कालांश | 53 |
| 2 | कालांश | 30 |
| 3 | कालांश | 37 |
| | कुल कालांश | 120 |

| सत्र 1 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 1 | 14 | 14 | |
| FA 2 | 15 | 29 | |
| SA 1 | 24 | 53 | |

| सत्र 2 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 3 | 15 | 15 | |
| SA 2 | 15 | 30 | |

| सत्र 3 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 4 | 16 | 16 | |
| SA 3 | 21 | 37 | |

**सत्र 1: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना**

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | विनती | 6 | FA1 | SA1 |
| | 2 | बुद्धिमान मेमना | 8 | FA1 | |
| | 3 | हमारा स्वास्थ्य | 8 | FA2 | |
| | 4 | झरना | 6 | FA2 | |
| | पठन हेतु | घमंडी शेर | 1 | FA2 | |
| | 5 | खुशबू की कीमत | 8 | | |
| | 6 | संयुक्त परिवार | 8 | | |
| | 7 | मोबाइल फ़ोन | 8 | | |

**सत्र 2: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना**

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | बढ़ता चल | 6 | FA3 | SA2 |
| | पठन हेतु | बूझो तो जानें | 1 | FA3 | |
| | 9 | स्वामी विवेकानंद | 8 | FA3 | |
| | 10 | साहसी बालिका | 8 | | |
| | 11 | भारत में ऋतुएँ | 7 | | |

**सत्र 3: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना**

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 12 | पशु से सुरक्षा | 8 | FA4 | SA3 |
| | पठन हेतु | चिड़ियाघर | 1 | FA4 | |
| | 13 | छुट्टी पत्र | 7 | FA4 | |
| | 14 | दीपावली का त्योहार | 8 | | |
| | 15 | कूल कप्तान | 8 | | |
| | 16 | गिनती | 4 | | |
| | | आओ खेल खेलें | 1 | | |

**LEVEL - 4**  **FA परीक्षा का नमूना**

| **भाग** | **कौशल** | **प्रश्न का प्रकार** | **कुल अंक** |
|---|---|---|---|
| **I** | पठन | पठित गद्यांश/पद्यांश<br>पाठ्य पुस्तक से संबंधित<br>5 प्रश्न ×1अंक<br>(2 MCQ प्रश्न) | **5** अंक |
| **II** | लेखन | 3 प्रश्न × 2 अंक<br>पाठ्य पुस्तक से संबंधित | **6** अंक |
| **III** | शब्द भंडार | 3 प्रश्न × 1 अंक<br>पढ़ो, समझो, लिखो से | **3** अंक |
| **IV** | व्याकरण | 3 प्रश्न × 2 अंक<br>भाषा की बात से | **6** अंक |
| | **कुल** | | **20** अंक |
| | **भाग V- आश्चर्यजनक प्रश्न (5 अंक)**<br>*(3 से5 अंक के प्रश्न परिवर्तित **(Modified)** हो सकते हैं।)* | | |

## LEVEL - 4 SAपरीक्षा का नमूना (50 अंक)

| भाग | कौशल | प्रश्न का प्रकार | प्रश्न और अंक विभाजन | भागवार अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **पठित गद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | **पठित पद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| **2.** | **लेखन कौशल** | 1.पाठ्य पुस्तक के लिखित अभ्यास से संबंधित प्रश्न (विकल्प के साथ-सात में से पाँच प्रश्न) | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | 15 अंक |
| | | 2. पाठ्य पुस्तक पर आधारित MCQs | 5 प्रश्न × 1अंक | 5 अंक | |
| **3.** | **रचनात्मक लेखन** | पाठ्य पुस्तक से संबंधित रचनात्मक प्रश्न (विकल्प के साथ-दो में से एक प्रश्न) | 1 × 5 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| **4.** | **क) शब्द भंडार** | शब्दार्थ, पढ़ो, समझो, लिखो से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | 20 अंक |
| | **ख) व्याकरण** | व्याकरण से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | |
| | **कुल अंक** | | | | **50 अंक** |
| | **आश्चर्यजनक प्रश्न** | | | | **5 अंक** |

***नोट – 5 से 8 अंक के प्रश्न परिवर्तित (Modified) हो सकते हैं।***

**LEVEL - 4** **SAपरीक्षा का नमूना (80 अंक)**

| भाग | कौशल | प्रश्न का प्रकार | प्रश्न और अंक विभाजन | भागवार अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **पठित गद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | **पठित पद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | **अपठित गद्यांश** | प्रश्नोत्तर (2MCQ) | 5 प्रश्न × 1 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| | **अपठित पद्यांश** | प्रश्नोत्तर (2MCQ) | 5 प्रश्न × 1 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| **2.** | **लेखन कौशल** | पाठ्य पुस्तक के लिखित अभ्यास से संबंधित प्रश्न<br>विकल्प के साथ (सात में से पाँच प्रश्न) | 5 प्रश्न × 5 अंक | 25 अंक | 25 अंक |
| **3.** | **रचनात्मक लेखन** | पाठ्य पुस्तक से रचनात्मक संबंधित प्रश्न<br>विकल्प के साथ (चार में से दो प्रश्न) | 2 प्रश्न × 5 अंक | 10 अंक | 10 अंक |
| **4** | **क) शब्द भंडार**<br>**ख) व्याकरण** | शब्दार्थ, पढ़ो, समझो, लिखो से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | 25 अंक |
| | | व्याकरण से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 3 अंक | 15 अंक | |
| **कुल अंक** | | | | | **80 अंक** |
| **आश्चर्यजनक प्रश्न** | | | | | **5 अंक** |

***नोट – 10 से 15 अंक के प्रश्न परिवर्तित (Modified) हो सकते हैं।***

# हिंदी पाठ योजना

| पाठ-1 – विनती (कविता ) | | | निर्धारित कालांश – 6 | |
|---|---|---|---|---|
| **पूर्वज्ञान** – ईश्वर की प्रार्थना और विनती का ज्ञान होना, विलोम शब्द, समतुकांत वाले शब्द और द्वित्व वर्ण की जानकारी होना<br>**शब्द भंडार** - बच्चे, ज्ञान, वरदान, गुरुजन, सम्मान, उन्नति, भेदभाव, गुणगान, ईश्वर | | | | |
| **दिवस** | **पृष्ठ सं. और अनुभाग** | **उद्देश्य** | **शिक्षण नीति और सहायक सामग्री** | **कक्षाकार्य / गृहकार्य** |
| 1 | पृष्ठ संख्या 1<br>विनती<br>कविता का गायन | - कविता का समूह में गायन अभ्यास करना<br>- कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- ईश्वर से वरदान की प्रार्थना करना<br>- सहभागिता को बढ़ावा देना<br>- नेक कार्य और देश की सेवा करने की भावना होना | शिक्षण नीति – सामूहिक रूप से कविता का गायन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, किसी भी भगवान का चित्र, पाठ्यपुस्तक | कक्षा कार्य – पृष्ठ 1कविता का गायन<br>गृहकार्य – कविता में आए नए शब्दों को रेखांकित कर लिखना |
| 2 | पाठ – 1 सोचो समझो और बोलो | - कविता के अर्थ और मूल भाव को समझना<br>- पाठ में आए नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- मौखिक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – पाठ के मूल भाव और नैतिक मूल्यों का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, भगवान का चित्र, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – कविता का अर्थ समझना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 2 के<br>शब्दार्थ लिखना और याद करना |
| 3 | पृष्ठ 2. आओ जानें | - समतुकांत शब्दों को जानना<br>- विलोम शब्दों को समझना<br>- नए शब्दों की जानकारी होना | शिक्षण नीति – समतुकांत शब्दों और विलोम शब्दों की समूह में चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक, विलोम और समतुकांत शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – समतुकांत, विलोम शब्द समझना और लिखना<br>गृहकार्य – 5 समतुकांत शब्द और 5 विलोम शब्द लिखकर लाना तथा याद करना |
| 4 | पृष्ठ50 लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में समर्थ होना<br>- वाक्य प्रयोग करने के तरीकों की जानकारी होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखने में समर्थ होना<br>- छात्रों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का विकास होना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर पर चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक , पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – प्रश्नों के उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 50 शब्दों के वाक्य बनाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | पृष्ठ 51 और 52<br>पढ़ो समझो और लिखो,<br>भाषा की बात | - कविता की पंक्तियाँ पूरी करने में सक्षम होना<br>- कविता में द्वित्व वर्ण वाले शब्द पहचानना<br>- कविता में आ तथा इ मात्रा वाले शब्दों की समझ होना<br>- विकल्प में से सही शब्द चुनकर लिखने में सक्षम होना<br>- समान लय वाले शब्दों से परिचय होना<br>- विलोम शब्दों को पहचान कर मिलान करने में सक्षम बनना<br>- संकेतों के आधार पर वाक्य बनाने में समर्थ होना | शिक्षण नीति – पढ़ो समझो और लिखो तथा भाषा की बात पर समूह चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, | कक्षा कार्य – पृष्ठ 51 के प्रश्नों का उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 52 प्रश्न 1, 2 और 3 करना |
| 6 | पृष्ठ 53<br>श्रुतलेख,<br>परियोजना कार्य,<br>आओ खेल खेलें | - श्रुतलेख शुद्ध वर्तनी में लिखने में सक्षम होना<br>- सामूहिक खेल से परिचित होना<br>- परियोजना कार्य करने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – सामूहिक रूप से समतुकांत शब्दों का खेल<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल रबड़ समतुकांत वाले शब्दों की पर्चियाँ | कक्षा कार्य – श्रुतलेख देना<br>समतुकांत वाले शब्दों का सामूहिक खेल<br>गृहकार्य – पृष्ठ 53 का परियोजना कार्य |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- भगवान का चित्र छात्रों को दिखाना तथा उनका नाम बताने के लिए कहना छात्रों से अलग-अलग धर्मों के पूजा के साधनों के बारे में तथा प्रार्थना करने के ढ़ंग पर बातचीत करना<br>- छात्रों को पाठ के नाम के प्रकरण तक ले जाकर पाठ 1 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- कविता को सही उच्चारण गति तथा लय के साथ पढ़ना तथा छात्रों द्वारा दोहराना<br>शिक्षिका कविता के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएगी और छात्रों को रेखांकित करने के लिए कहेगी<br>- छात्रों से समूह में कविता का गायन करवाना<br>- छात्रों की समझ जाँचने के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना तथा शब्दार्थ पूछकर दोहराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- शिक्षक द्वारा पाठ के मूल भाव को समझाकर छात्रों से सोचो समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछना तथा सभी छात्रों को बोलने का अवसर प्रदान करें (मौखिक कौशल विकास करने हेतु)<br>पाठ को समझने में आई किसी प्रकार की कठिनाई को छात्रों से जानना और उन्हें दूर करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से देश सेवा की भावना पर चर्चा कर उनके विचार जानना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा मौखिक अभ्यास के प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान की जाँच करना |

| | |
|---|---|
| **मूल्यांकन**: – अध्यापक निरीक्षण द्वारा शब्दों के अर्थ पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना<br>छात्रों से प्रश्न पूछना जैसे-देश सेवा का अर्थ क्या है? इस कविता से आपको क्या सीख मिली? | |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना तथा शब्द बोलना जैसे –सूर्य तथा इस का अन्य अर्थ बताने के लिए कहना<br>- छात्रों को समतुकांत शब्दों का चार्ट दिखाना तथा पढ़ने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- श्यामपट्ट पर कुछ शब्द लिखना तथा उसका विलोम शब्द पूछना जैसे-भीतर- बाहर<br>- छात्रों से पाठ्यपुस्तक के समतुकांत और विलोम शब्द पूछना तथा उनका उत्तर छात्रों द्वारा लिखाना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समतुकांत और विलोम शब्द छात्रों से एक-दूसरे से पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के ज्ञान को जाँचने के लिए समतुकांत और विलोम शब्द पूछना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना तथा छात्रों को पृष्ठ 50 निकालने के लिए कहना<br>- **मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पाठ के प्रश्नोंके उत्तर छात्रों से पूछकर ब्लैकबोर्ड पर लिखना तथा छात्रों को लिखने के लिए कहना<br>- छात्र सभी प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना<br>- शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करने के लिए देना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपने लेखन कार्य को ध्यानपूर्वक दोहराने के लिए कहना<br>- कुछ छात्रों के उत्तरों की पुष्टि करने के लिए प्रश्न पूछना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से कुछ शब्द पूछकर वाक्य प्रयोग करवाना,छात्रों को पृष्ठ 51 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से कविता की पंक्तियाँ पूरा कराना, कविता में द्वित्व वर्ण और संयुक्त वर्ण वाले शब्द रेखांकित करवाना , पाठ से अ तथा इ की मात्रा वाले शब्द लिखाना, वाक्यों में रहा है/ रहे हैं का चयन करवाकर वाक्य पूरे कराना<br>- भाषा की बात के प्रश्न 1, 2, 3 समझाना तथा गृहकार्य में लिखने के लिए देना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 2 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना छात्रों को कविता के कठिन शब्द दोहराने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 23 मिनट**<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गुरुजन, सम्मान, उन्नति, भेदभाव, गुणगान, ईश्वर **- 10 मिनट** शब्द देना तथा लिखाने के बाद शब्द श्यामपट्ट पर लिखना<br>- छात्रों को जोड़ो में एक-दूसरे से श्रुतलेख लिखी पुस्तिका परखने के लिए कहना<br>- कक्षा में समतुकांत वाले शब्दों की पर्चियाँ लेकर जाना तथा एक-एक पर्ची लेने के लिए कहना तथा उस शब्द से संबंधित समतुकांत से जोड़े बनाने के लिए कहना **- 10 मिनट**<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 8 मिनट** |

| | |
|---|---|
| - छात्रों द्वारा लिखे गए कार्य को आपस में साझा करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान की जांच करना | - छात्रों को परियोजना कार्य से संबंधित ईश्वर की नई वन्दना सुनाने के लिए कहना<br>- अच्छी कविता सुनाने वाले छात्रों को ताली बजाकर प्रोत्साहित करना<br>- **मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों से पाठ की समझ जानने के लिए प्रश्न पूछना जैसे - इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिली? |

## पाठ - 2 – बुद्धिमान मेमना निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – मेमने की होशियारी को जानना, धैर्य और बुद्धि के परिणाम को समझना, विराम चिह्न, संज्ञा और वचन से परिचय होना

**शब्द भंडार** – जंगल, शिकार, तलाश, बिल्कुल, बुद्धिमान, खतरा, इन्तजार, लोरी, खूँखार, गुज़र, आवाज़, स्वादिष्ट

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 3 और 4<br>बुद्धिमान मेमना पाठ का पठन | - जानवरों के बारे में जानना<br>- मेमने की बुद्धिमत्ता को जानना<br>- कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- पाठ पढ़ने शुद्ध और स्पष्ट का उच्चारण करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देना | शिक्षण नीति – पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, जानवरों के चित्र, पाठ्यपुस्तक | कक्षा कार्य – पृष्ठ 3 का पठन<br>गृहकार्य – पाठ में आए नए शब्दों को रेखांकित कर लिखना |
| 2 | पाठ – 2 नए शब्द, शब्दार्थ, समझो और बोलो | - मौखिक प्रश्नों द्वारा पाठ के मूल भाव जानना<br>- पाठ में आए नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देना | शिक्षण नीति – पाठ के मूल भाव का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 4 का पठन, नए शब्दों का अर्थ जानना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 3 और 4 के शब्दार्थ लिखना और याद करना |
| 3 | पृष्ठ 5<br>आओ जानें | - संज्ञा शब्दों की जानकारी होना<br>- संज्ञा के भेदों के बारे में जानना<br>- संज्ञा के भेद पहचानने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – मौखिक अभ्यास सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस् तक, पेन्सिल, रबड़ संज्ञा शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – पृष्ठ 5 मौखिक प्रश्नोत्तर लेखन<br>गृहकार्य – मौखिक प्रश्नोत्तर याद करना |
| 4 | पृष्ठ 54<br>लिखित अभ्यास | - पाठ के प्रश्नोत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- 'मेरा प्रिय पशु' विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखने में सक्षम होना<br>- कहानी का कोई भी दृश्य बनाने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – लिखित अभ्यास<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 54 के प्रश्नों के उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 54 प्रश्न 2 को करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | - शब्दों से वाक्य बनाने में समर्थ होना | | |
| 5 | पृष्ठ55<br>पढ़ो समझो और लिखो | - संज्ञा से संबंधित शब्द पाठ में ढूंढ़ने में समर्थ होना<br>- वाक्य के सही उत्तर पहचानने में सक्षम होना<br>- सही विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति करना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 55 विराम चिह्नों का लेखन<br>गृहकार्य – पृष्ठ 55 के प्रश्न 3 करना |
| 6 | पृष्ठ 56 भाषा की बात | - वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाने में सक्षम होना<br>- शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखने में सक्षम होना<br>- संज्ञा भेदों के उदाहरण लिख पाना | शिक्षण नीति – व्याकरणिक चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – एकवचन और बहुवचन शब्दों का लेखन<br>गृहकार्य – एकवचन और बहुवचन शब्दों को याद करना |
| 7 | पृष्ठ 57 भाषा की बात, श्रुतलेख | - चित्र देखकर संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करना<br>- श्रुतलेखन अभ्यास द्वारा शुद्ध वर्तनी का अभ्यास करना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य –भाषा की बात, श्रुतलेख देना<br>गृहकार्य – संज्ञा के भेदों के उदाहरण लिखना |
| 8 | पृष्ठ 58<br>परियोजना कार्य, आओ खेल खेलें | - खेल के द्वारा वाक्य बनाने का अभ्यास<br>- अभिनय कला का ज्ञान<br>- समूह कार्य को बढ़ावा | शिक्षण नीति – सामूहिक खेल<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य –और समूह खेल<br>गृहकार्य – पृष्ठ 58 का परियोजना कार्य करना |

| **दिवस 1 — कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 — कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कुछ जानवरों के चित्र कक्षा में लेकर जाना तथा छात्रों से उनके नाम पूछना तथा साथ ही उनके बच्चों को क्या कहते हैं? यह भी पूछना, छात्रों के नाम बताने पर उन्हें बकरी के बच्चे को मेमना कहते है समझाते हुए पाठ की ओर उनका ध्यान लेकर जाना<br>- छात्रों से पाठ 3 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process )** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से बारी - बारी से पाठ 2 का वाचन कराना तथा शिक्षिका बीच - बीच में पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँगी और छात्रों को रेखांकित करने के लिए कहेगी अर्थग्राह्यता की जांच के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में पूछना, कठिन शब्दों के अर्थ पूछकर दोहराना पाठ को दोहराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें तथा सभी को बोलने का अवसर प्रदान करें (मौखिक कौशल विकास करने हेतु)<br>- छात्रों को समूह में भी बारी-बारी एक-दूसरे से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ो में एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने के लिए कहना |

| | |
|---|---|
| **अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ो में एक दूसरे से शब्दार्थ पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना- जैसे-आप मेमने की जगह होते तो क्या करते? पाठ से सीखे कुछ नए शब्द बताओ। | **मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना जैसे- भेड़िया कैसा था? वह मेमने से क्या चाहता था? मेमना इस समस्या से कैसे निकला? |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना- पृष्ठ 5 निकालने के लिए कहना<br>- पाठ में आए कुछ नाम वाले शब्द बताने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को संज्ञा की परिभाषा से अवगत करा कर उस के भेद बताना<br>- छात्रों को संज्ञा शब्दों के भेद लिखने के लिए कहना<br>**अतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समूह में संज्ञा शब्दों के भेद से संबंधित शब्द पाठ में पहचानने का अवसर देना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के संज्ञा से संबंधित ज्ञान को जांचना जैसे- पशु व्यक्तिवाचक संज्ञा है या जातिवाचक संज्ञा? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से संज्ञा से संबंधित प्रश्न पूछकर अर्थ ग्रहण को जाँचना<br>- पृष्ठ 54 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पृष्ठ 54 के प्रश्न छात्रों से पूछना तथा उत्तर देने के लिए प्रेरित करना साथ ही बोर्ड पर लिखना और छात्रों को समझकर लिखने को कहना छात्रों को प्रश्न समझने में आई कठिनाइयों को दूर करना छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना तथा उत्तरों की पुष्टि के लिए प्रश्न पूछना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से लिखित कार्य 'मेरा प्रिय पशु' के बारे में सुनाने के लिए कहना<br>पृष्ठ 55 निकालने के लिए छात्रों को कहना विराम चिह्न का चार्ट दिखाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- विराम चिह्न को बोर्ड पर लिख कर समझाना, सही विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कराना<br>- वाक्य के सही उत्तर पहचान कर छात्रों को लिखने के लिए कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और चर्चा करना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को चित्र देखकर संज्ञा शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कराना<br>वचन को बोर्ड पर लिखकर छात्रों को समझाना छात्रों को लिखने के लिए प्रेरित करना एकवचन और बहुवचन के कुछ शब्द बोर्ड पर लिखकर बताना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट** |

| | |
|---|---|
| - छात्र समूह में एक-दूसरे से लिखे हुए कार्य से प्रश्न पूछ कर अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन और लेखन कौशल को जांचना | - वचन पर छात्र चर्चा करेंगे छात्र समूह में एक-दूसरे से प्रश्न पूछकर अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान को प्रश्न पूछकर जाँचना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से एकवचन और बहुवचन के उदाहरण पूछकर गृहकार्य दोहराना, पृष्ठ 57 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- संज्ञा की परिभाषा और उसके भेदों को बोर्ड पर लिखकर छात्रों को समझाना और लिखने के लिए कहना, संज्ञा के भेदों के उदाहरण लिखकर छात्रों को समझाना<br>- श्रुतलेख के शब्द तलाश, बिल्कुल, बुद्धिमान, खतरा, इन्तजार, लोरी, खूँखार, गुज़र, आवाज़, स्वादिष्ट देना तथा ध्यान से सुनकर लिखने के लिए कहना<br>-अध्यापक द्वारा श्रुतलेख के शब्द ब्लैकबोर्ड पर लिखना और समझाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के एक दूसरे की कापी जाँचने के लिए कहना तथा गलत शब्दों को दुबारा लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान को प्रश्न पूछकर जाँचना जैसे– संज्ञा की परिभाषा बताओ? संज्ञा के कितने भेद होते है? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से संज्ञा के भेदों के उदाहरण पूछकर गृह्कार्य को दोहराना<br>- पृष्ठ 57 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को समूह में बिठाना तथा लेकिन, क्योंकि इसलिए आदि शब्द देते हुए बाक्य बुलाकर खेल खेलने के लिए प्रेरित करना<br>- वाक्य बोलने का अभ्यास कराना और सामूहिक खेल के लाभ बताना<br>- परियोजना कार्य के चार्ट एक –दूसरे को बताना तथा कक्षा में लगाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>-परियोजना कार्य से संबंधित प्रश्न पूछकर छात्र आपस में चर्चा करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के पाठ की अर्थग्राह्यता की जांच करना |

## पाठ -3 – हमारा स्वास्थ्य निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – स्वस्थ्य रहने के उपाय और उसके फायदे को जानना, योजक चिह्न और अल्पविराम से परिचय होना

**शब्द भंडार -** स्वस्थ, प्रसन्न, मनुष्य, उत्साह, विपरीत, मस्तिष्क, नीरस, प्रतिदिन, स्नान, मच्छर, संतुलित, फ़िल्टर, विटामिन, व्यायाम, प्रोटीन

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 6 और 7 हमारा स्वास्थ्य<br>पाठ का पठन | - पाठ पढ़कर शुद्ध और स्पष्ट का उच्चारण करने में सक्षम होना<br>कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- पाठ पढ़कर शुद्ध और स्पष्ट का उच्चारण करने में सक्षम होना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देना<br>- स्वस्थ रहने के फायदे और व्यायाम के लाभ को जानना | शिक्षण नीति – पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, विभिन्न प्रकार के व्यायामों के चित्र | कक्षा कार्य – पृष्ठ 6 और 7 का पठन, पाठ में आए नए शब्दों को रेखांकित करना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 6 शब्दार्थ जानना तथा लिखना |
| 2 | पाठ – 3 नए शब्द, शब्दार्थ,समझो और बोलो | - पाठ के अर्थ और मूल भाव को समझना<br>- पाठ में आए नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- मौखिक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – मौखिक प्रश्नों के उत्तर और उद्देश्यों का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, संतुलित आहार का चित्र, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य –मौखिक अभ्यास<br>गृहकार्य –7 के शब्दार्थ लिखना और याद करना |
| 3 | पृष्ठ 7 और 8 आओ जानें | - हाँ या नहीं के उत्तर लिख पाना<br>- अल्पविराम से परिचित कराना<br>- अल्पविराम का प्रयोग वाक्यों में कर पाना | शिक्षण नीति –जानना सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़ | कक्षा कार्य – हाँ या नहीं के उत्तर लिख पाना और अल्पविराम से परिचित कराना<br>गृहकार्य –पाँच वाक्य लिखकर अल्पविराम का प्रयोग करना |
| 4 | पृष्ठ 59 लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- ‘स्वास्थय की देखभाल’ विषय पर लिखने में समर्थ होना<br>- शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने की समझ आना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 59 के प्रश्नों के उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करना |
| 5 | पृष्ठ 60 पढ़ो समझो और लिखो | - वाक्यों को पाठ के अनुसार क्रम में लगा पाना<br>- शब्दों के सही अर्थ चुनने में सक्षम होना<br>- शब्द की शुद्ध वर्तनी पहचानने में समर्थ होना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़, विभिन्न तरह के वाक्यों का चार्ट | कक्षा कार्य – पृष्ठ 60 के पढ़ो समझो और लिखो 1-3 प्रश्नों का उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पढ़ो समझो और लिखो के कक्षाकार्य को याद करना |
| 6 | पृष्ठ 61भाषा की बात | - शब्दों के विलोमार्थ को बताने में सक्षम होना<br>- योजक चिह्नों का प्रयोग पाठ में बता पाना<br>- ‘कि’ और ‘की’ का प्रयोग स्थान जानना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल ,रबड़ | कक्षा कार्य –भाषा की बात के प्र. 1-3 लिखना<br>गृहकार्य – की, कि का प्रयोग करते हुए तीन-तीन वाक्य लिखना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | पृष्ठ 61 और 62<br>श्रुतलेख | - वाक्यों में उचित स्थान पर अल्प विराम (,) का प्रयोग करने में समर्थ होना<br>- अल्पविराम का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखने में समर्थ होना<br>- पाठ से कठिन शब्दों का श्रुतलेख लिखने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – विराम चिह्न का अभ्यास<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक , पेन्सिल ,रबड़ | कक्षा कार्य – भाषा की बात के प्र. 4-5 लिखना श्रुतलेख देना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 62 का परियोजना कार्य करना |
| 8 | पृष्ठ 62<br>परियोजना कार्य, आओ खेल खेलें | - संतुलित आहार के चित्र पहचानने में समर्थ होना<br>- समूह कार्य को बढ़ावा देना<br>- परियोजना कार्य करने में उत्सुक होना | शिक्षण नीति – समूह कार्य को बढ़ावा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, खाद्य पदार्थों का चित्र | कक्षा कार्य – समूह अभिनय कराना<br>गृहकार्य – पढ़े हुए प्रश्नों को दोहराना |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनकी दिनचर्या के बारे में पूछना तथा विभिन्न प्रकार के व्यायामों का चित्र दिखाकर छात्रों से पूछना कि इस चित्र में क्या हो रहा है? व्यायाम करना क्यों आवश्यक है? छात्रों का ध्यान पाठ के विषय की ओर ले जाना तथा छात्रों को पाठ 3 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्र बारी - बारी से पाठ 3 का वाचन करेंगे शिक्षिका बीच-बीच में पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँगी और छात्रों को रेखांकित करने के लिए कहना, गलत उच्चारण करने पर शब्दों का शुद्ध तथा स्पष्ट उच्चारण कराना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक दूसरे से शब्दार्थ पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में पूछना, छात्रों से शब्दार्थ पूछकर कुछ शब्दों का वाक्य प्रयोग कराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट -**<br>मौखिक प्रश्न पूछकर छात्रों से पाठ की जानकारी लेना सभी को बोलने का अवसर प्रदान करें (मौखिक कौशल विकास करने हेतु शिक्षक पाठ के अर्थ और उद्देश य समझाएँगे पाठ को समझने में आई किसी प्रकार की कठिनाई को छात्रों से जानना और उसे दूर करना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को घेरे में बिठाकर शब्द अंताक्षरी खिलाना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना - छात्रों से प्रश्न पूछना – संतुलित आहार के क्या फायदे हैं?<br>फास्टफूड से हमारे शरीर को क्या नुकसान होता है? |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना तथा कुछ वाक्य श्यामपट्ट पर लिखना तथा उस में विराम चिह्न छात्रों से लगाने के लिए कहना कुछ नए वाक्य चार्ट द्वारा दिखाना पृष्ठ 60 | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 59 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट** |

| | |
|---|---|
| निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को हाँ या नहीं के उत्तर वाक्य पूछते हुए लिखना<br>- छात्रों को अल्पविराम से परिचित कराना<br>- छात्रों को अल्पविराम का प्रयोग वाक्यों में करते हुए वाक्य लिखाना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को समूह में बाँटकर पाठ से अल्पविराम वाले वाक्य पहचानने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के पठन तथा लेखन कौशल को जाँचना | - लिखित अभ्यास के प्रश्न छात्रों से पूछना तथा उत्तर देने के लिए प्रेरित करना साथ ही बोर्ड पर लिखना और छात्रों को लिखने को कहना<br>- छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना और उन्हें निर्धारित समय सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लिखे हुए कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना तथा शब्द बोलते हुए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग पूछना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों द्वारा प्रश्न पूछते हुए वाक्यों को पाठके अनुसार क्रम में लगाना<br>- शब्दों के सही अर्थ चुनने में सहायता करना<br>- शब्दों की शुद्ध वर्तनी पहचान कर लिखना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र समूह में एक-दूसरे से प्रश्न पूछकर अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान को जाँचना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 61 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- शब्दोंके विलोमार्थ पूछते हुए लिखाना, योजक चिह्नों का प्रयोग पाठ में से चुनकर लिखना<br>- 'कि' और 'की' का अंतर बताते हुए वाक्य लिखना सिखाना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र समूह में 'कि' और 'की' का प्रयोग वाले वाक्य एक दूसरे से पूछना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान को जाँचना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 61 निकालने के लिए कहना विराम चिह्न का चार्ट दिखाना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- विराम चिह्न को बोर्ड पर लिख कर समझाना अल्प विराम का प्रयोग वाक्यों में करके | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से परियोजना कार्य के बारे में पूछना और पृष्ठ 62 निकालने को कहना खाद्य पदार्थों का चित्र दिखाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- संतुलित आहार के फायदे और फास्टफूड के नुकसान पर छात्रों से चर्चा करते हुए खेल खेलना |

| | |
|---|---|
| छात्रों को लिखाना इ और ई की मात्रा का प्रयोग छात्रों को बताना<br>- श्रुतलेख के शब्द - उत्साह, विपरीत, मस्तिष्क, प्रतिदिन, मच्छर, संतुलित, फ़िल्टर, विटामिन, व्यायाम, प्रोटीन लिखाना तथा छात्रों को ध्यान से सुनकर लिखने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- श्रुतलेख ब्लैकबोर्ड पर लिखना तथा छात्रों को आपस में उत्तरपुस्तिका परखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के व्याकरणिक ज्ञान को जाँचना जैसे- विराम चिह्न का वाक्यों में कैसे और कहाँ प्रयोग करते हैं? | - छात्रों को समूह खेल और अभिनय करने के लिए प्रेरित करना<br>- छात्रों को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- परियोजना कार्य से प्रश्न पूछते हुए छात्रों की प्रतिक्रिया लेना तथा अपने-अपने लिखे वाक्य पढ़ने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों की अर्थग्राह्यता की जांच करना |

## पाठ -4 – झरना (कविता) निर्धारित कालांश – 6

**पूर्वज्ञान** – झरने के संघर्ष से सीखना क्रिया,वचन और पर्यायवाची शब्दों से परिचय

**शब्द भंडार** – पर्वत, चोटी, पहाड़ों, घाटियों, राह, चीर, चट्टान, हँसता, गुनगुनाता, धरती, ठोकर, प्यास

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाठ- 4<br>झरना<br>कविता का गायन | - कविता का समूह में लय और गति से गायन करना<br>- कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- झरना के कठिन संघर्ष को जानना<br>- झरना की सीख को समझना<br>- कविता पढ़कर शुद्ध और स्पष्ट उच्चारण करने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – सामूहिक रूप से कविता का गायन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, झरना, पर्वत और घाटी का चित्र, पाठ्यपुस्तक | कक्षा कार्य – पाठ- 4 कविता का लय और गति से गायन करना नए शब्दों से परिचित होना<br>गृहकार्य – कविता याद करके लिखना |
| 2 | पाठ - 4 नए शब्द, शब्दार्थ,समझो और बोलो | - पाठ के अर्थ और मूल भाव को समझना<br>- पाठ में आए नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- मौखिक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना | शिक्षण नीति -मौखिक प्रश्नों पर समूह में चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड ,चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल ,रबड़ | कक्षा कार्य – कठिन शब्दों के अर्थ जानकर लिखना, मौखिक प्रश्नों का उत्तर देना पाठ का भाव जानना<br>गृहकार्य – कविता का भाव याद करना |
| 3 | पृष्ठ 10<br>आओ जानें | - पर्यायवाची शब्दों की परिभाषा से अवगत होना<br>- पर्यायवाची शब्द बताने में सक्षम होना<br>- पर्यायवाची शब्दों का वाक्यों में प्रयोग जानना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़, पर्यायवाची शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – पर्यायवाची शब्द लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 9 के शब्दार्थ लिखना और याद करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | पृष्ठ 63 लिखित<br>अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- वाक्य बनाने के तरीकों को जानना<br>- छात्रों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता को जानना<br>- कविता का सार लिखने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर पर चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल ,रबड़, | कक्षा कार्य – प्रश्नों के उत्तर लिखना, कविता का सार लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 63 प्रश्न 2 लिखना याद करना |
| 5 | पृष्ठ 64 और 65<br>पढ़ो समझो और<br>लिखो,<br>भाषा की बात | - ‘आ’ की मात्रा से समाप्त होने वाले शब्दों की जानकारी होना<br>- क्रिया शब्दों से परिचित होना<br>- कविता की पंक्तियाँ पूरी करने में समर्थ होना<br>- वाक्य में सही उत्तर पहचानना<br>- वचन से परिचित होना<br>- संकेतों के आधार पर वाक्य बनाने में समर्थ होना<br>- चित्रों को पहचानकर उनके पर्यायवाची शब्द लिख पाना<br>- बेमेल शब्द पहचानने में सक्षम होना<br>- समान लय वाले शब्दों का ज्ञान होना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, क्रिया और वचन शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – पढ़ो समझो और लिखो का प्र. 1-2 तथा भाषा की बात के 1,2 लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 66 का परियोजना कार्य करना पृष्ठ 65 प्रश्न 2 लिखना और याद करना |
| 6 | पृष्ठ 66<br>श्रुतलेख<br>परियोजना कार्य<br>आओ खेल खेलें | - शुद्ध वर्तनी में श्रुतलेख लिखने में समर्थ होना<br>- समूह चर्चा कार्य को बढ़ावा देना<br>- परियोजना कार्य करने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – सामूहिक रूप से समतुकांत के शब्दों का खेल<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्य पुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – आओ खेल खेलें पर चर्चा, श्रुतलेख देना, परियोजना कार्य प्रस्तुत करना<br>गृहकार्य – भाषा की बात का प्र.3-5 लिखना |

| **दिवस 1**     **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2**     **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)**    **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से पानी के स्त्रोतों के नाम पूछना छात्रों के जबाव देने पर झरना और पर्वतों का चित्र दिखा कर छात्रों को पाठ झरना की ओर ले जाना छात्रों से पाठ 4 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)**    **समय- 20 मिनट**<br>- छात्र समूह में कविता का गायन करेंगे शिक्षिका बीच-बीच में कविता के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँगी और छात्रों को रेखांकित करने के लिए कहेंगी<br>- छात्रों की समझ जाँचने के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)**    **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य की जांच करने के लिए कठिन शब्दों के अर्थ पूछकर छात्रों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना छात्रों को पृष्ठ 9 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)**    **समय- 20 मिनट**<br>- शिक्षक द्वारा पाठ के मूल भाव को समझाना, कविता का सार छात्रों को समझाना<br>- पाठ को समझने में आई किसी प्रकार की कठिनाई को छात्रों से जानना और उनको दूर करना |

| | |
|---|---|
| **अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को एक-दूसरे को कविता सुनाने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा कठिन शब्दों के अर्थ पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना | - छात्रों से सोचो समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें तथा सभी को बोलने का अवसर प्रदान करें (मौखिक कौशल विकास करने हेतु)<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के बीच झरना के संघर्ष पर चर्चा कर उनके विचार जानना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा मौखिक अभ्यास के प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- श्यामपट्ट पर फूल शब्द लिखकर उस के अन्य शब्द बताने के लिए कहना तथा श्यामपट्ट पर लिखना और गृहकार्य के बारे में पूछना छात्रों को पृष्ठ 10 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पर्यायवाची शब्द की परिभाषा समझाना<br>- छात्रों से पर्यायवाची शब्द पूछते हुए बोर्ड पर लिखना तथा छात्र पर्यायवाची शब्दों को उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- सामूहिक रूप से छात्रों को एक दूसरे से पर्यायवाची शब्द पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना<br>सूर्य, पानी, पर्वत, नदी आदि शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द बताने के लिए कहना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 63 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पाठ के प्रश्नों का उत्तर छात्रों से पूछना और उसे बोर्ड पर शिक्षक लिखेंगे<br>- छात्र सभी प्रश्नों के उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे, कविता का सार लिखने के लिए प्रेरित करना छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना छात्रों को बताएँ कि वह यह कार्य जोड़ों में आपसी सहयोग से भी कर सकते हैं<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपने लेखन कार्य को ध्यानपूर्वक दोहराने के लिए कहना<br>- कुछ छात्रों के उत्तरों की पुष्टि करने के लिए प्रश्न पूछना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 64 और 65 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्र 'आ' की मात्रा से समाप्त होने वाले शब्दों लिखेंगे<br>- कविता से क्रिया शब्द पहचान कर लिखना, कविता की पंक्तियाँ पूरी कराना<br>- वाक्य में सही उत्तर पहचानकर रेखांकित करना, वचन बदलकर लिखना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना परियोजना कार्य का चित्र दिखाने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पहाड़ों, घाटियों, चट्टान, हँसता, गुनगुनाता शब्द बोलकर श्रुतलेख देना<br>- आओ खेल खेलें में पानी की बचत पर अपने विचार बताने के लिए प्रेरित करना<br>- शिक्षक छात्रों को संकेत देकर वाक्य बनाने में मदद करेंगे। |

| | |
|---|---|
| - संकेतों के आधार पर वाक्य बना कर लिखना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- लिखित व्याकरण को छात्रों को एक बार दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना | **अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- ब्लैकबोर्ड़ पर श्रुतलेख के शब्द लिखना, तथा छात्रों को आपस में पुस्तकें परखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:-** छात्रों को कक्षा में झरने के बारे में लिखे वाक्य पूछकर लेखन तथा पठन कौशल की जाँच करना |

## पाठ – घमंडी शेर (चित्रकथा ) — निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान** – चित्र वर्णन का ज्ञान होना, जानवरों के नाम से परिचित होना

**शब्द भंडार** – घमंडी, भोजन, निर्णय, सभा, परछाई, कुएँ, उपाय, सूझा

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 11<br>घमंडी शेर<br>पाठ का पठन | - जंगली जानवरों के बारे में परिचय<br>- कठिन शब्दों की जानकारी<br>- खरगोश की बुद्धिमत्ता से सीख लेना<br>- सहभागिता को बढ़ावा देना<br>- चित्र देखकर कहानी लेखन में सक्षम होना | शिक्षण नीति –चित्रकथा का पठन<br>सहायक सामग्री - ब्लैकबोर्ड, चॉक, जंगली जानवरों का चित्र, पाठ्यपुस्तक | कक्षा कार्य - जानवरों के नाम लिखना और पाठ का पठन<br>गृहकार्य – चित्र दिखाकर उसका वर्णन करने के लिए कहना |

**दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5** मिनट

- जानवरों का चित्र छात्रों को दिखाया जाएगा छात्रों से पृष्ठ 11 निकालने के लिए कहना

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- छात्र बारी - बारी से पृष्ठ 11 का पठन करेंगे शिक्षिका बीच-बीच में पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएगी

- चित्र वर्णन करने के तरीकों को छात्र समझेंगे छात्र चित्र देखकर कहानी लिखने का अभ्यास करेंगे

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- छात्र आपस में जानवरों से सम्बन्धित अपने अनुभव पर चर्चा करेंगे

**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना जैसे-

- आपने कौन-कौन से जंगली जानवर देखे हैं? सबसे लंबा जानवर कौन है? जंगल का राजा कौन होता है?

## पाठ-5 - खुशबू की कीमत　　　　निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – अकबर - बीरबल से परिचित होना, अकबर - बीरबल की कहानियों की जानकारी होना

**शब्द भंडार -** लालची, मिठाइयाँ, प्रसिद्ध, खुशबू, निर्माण, कार्य, मजदूर, आनंद, न्याय, बादशाह, असमंजस, सिक्का, कीमत, चतुराई, मुस्कराना, धन्यवाद

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 12, 13<br>खुशबू की कीमत<br>पाठ का पठन | - अकबर और बीरबल से परिचित होना<br>- नए और कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- पाठ पढ़ कर उसका अर्थ समझ पाना | शिक्षण नीति –पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, अकबर - बीरबल का चित्र, पाठ्यपुस्तक | कक्षा कार्य – पृष्ठ 12 का पठन<br>गृहकार्य – पाठ में आए नए शब्दों को रेखांकित कर लिखना |
| 2 | पाठ – 5<br>सोचो समझो और बोलो | - कठिन शब्दों के अर्थ से परिचित होना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- मौखिक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ होना | शिक्षण नीति – पाठ के मूल भाव और नैतिक मूल्यों का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, अकबर - बीरबल का चित्र, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल,रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 13 का पठन<br>नए शब्दों का अर्थ जानना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 12 और 13 के शब्दार्थ लिखना और याद करना |
| 3 | पृष्ठ 14<br>आओ जानें | - सर्वनाम से परिचित होना<br>- सर्वनाम का वाक्यों में प्रयोग करना<br>- सर्वनाम के कुछ नए शब्द जानना | शिक्षण नीति – मौखिक प्रश्नों के उत्तर जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, सर्वनाम शब्दों का चार्ट, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कर लिखना<br>गृहकार्य – सर्वनाम शब्दों से पाँच वाक्य बनाना |
| 4 | पृष्ठ 67<br>लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने का अभ्यास होना<br>- बादशाह अकबर के विषय में लिखना<br>- छात्रों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता को जानना | शिक्षण नीति – सर्वनाम शब्दों को जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक , पेन्सिल रबड़ | कक्षा कार्य – प्रश्नों के उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – कल्पना करके बादशाह अकबर के विषय में लिखना |
| 5 | पृष्ठ 68<br>पढ़ो समझो और लिखो | - वाक्यों को उचित क्रम में लगाने की जानकारी होना<br>- प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में बता पाना<br>- मिठाइयों के नाम की पहचान होना<br>- शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाना पाना<br>- सही विकल्प से वाक्य पूरे करने में समर्थ होना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर पर चर्चा और अकबर के बारे में समूह चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पढ़ो समझो और लिखो का प्र.1 से 4 करना<br>गृहकार्य – पढ़ो समझो और लिखो का प्र.5 लिखना तथा सभी प्रश्न पढ़ना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **6** | पृष्ठ 69 भाषा की बात | - विलोम शब्द लिख पाना<br>- एकवचन और बहुवचन के नए शब्दों से परिचय होना<br>- सही विकल्प से वाक्य पूरे करने में समर्थ होना<br>- वाक्यों में सर्वनाम शब्द पहचानने में समर्थ होना<br>- सर्वनाम शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करना | शिक्षण नीति – वचन पर समूह चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड , चॉक, पाठ्यपुस्तक , पेन्सिल ,रबड़, वचन शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – एकवचन और बहुवचन वाले शब्दों का लेखन<br>गृहकार्य – उत्तरपुस्तिका में दिए हुए शब्दों का वचन बदलकर लिखना |
| 7 | पृष्ठ 69, 70 भाषा की बात, श्रुतलेख | - संज्ञा के भेद से संबंधित शब्द पाठ में पहचानने में सक्षम होना<br>- श्रुतलेख शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना | शिक्षण नीति – संज्ञा शब्दों पर समूह चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, विलोम शब्द और संज्ञा शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य –संज्ञा शब्दों को लिखना श्रुतलेख देना<br>गृहकार्य – भाषा की बात के प्रश्नोत्तर याद करना |
| 8 | पृष्ठ 70 आओ खेल खेलें, परियोजना कार्य | - अभिनय कला का ज्ञान<br>- समूह कार्य को बढ़ावा देना<br>- परियोजना कार्य करने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – समूह कार्य को बढ़ावा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – समूह अभिनय करना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 70 का परियोजना कार्य करना |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 104 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट** | |

- बोर्ड़ पर कुछ बॉक्स बनाना तथा छात्रों को उन में पत्र से संबंधित शब्द लिखने के लिए कहना तथा परियोजना कार्य में दिया कार्य कक्षा में प्रस्तुत करवाना
- छात्रों से लिखकर लाया हुआ पत्र पढ़वाना और सभी छात्रों को परियोजना कार्य पढ़ने का अवसर देना

**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**

- छात्र समूह में एक-दूसरे के किए कार्य को देखेंगे।

**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना

## पाठ-14 – दीपावली का त्योहार निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – दीपावली त्योहार के विषय में जानकारी, अन्य त्योहारों की जानकारी,विराम चिह्नों को जानना

**शब्द भंडार** – दीपावली, घंटी, कक्षा, अभिवादन, गुरूजी, उत्सुक, प्रतिदिन, उल्लास, इंतजार, संस्कृति, भगवान, मिठाइयाँ, शुभकामनाएँ, उपलक्ष्य

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 39 और 40<br>दीपावली का त्योहार<br><br>पाठ का पठन | - आत्मविश्वास, उचित लय व गति में पाठ पढ़ना<br>- कठिन शब्दों की जानकारी होना<br>- पाठ पढ़कर शुद्ध और स्पष्ट का उच्चारण करने में सक्षम होना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर देना | शिक्षण नीति – बारी बारी से पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, दीपावली का चित्र | कक्षा कार्य – पृष्ठ 39 का पठन<br>गृहकार्य – पाठ में आए नए शब्दों को रेखांकित करके लिखना |
| 2 | पाठ – 41 का स्पष्टीकरण | - शब्दों का अर्थ समझना<br>- छात्रों की एकाग्रता को बढ़ावा देना<br>- पाठ समझने में आई कठिनाइयों को दूर करना | शिक्षण नीति – पाठ के मूल भाव और उद्देश्यों का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, | कक्षा कार्य – पृष्ठ 40 का पठन कठिन शब्दार्थ लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 41 का किस ने किस से कहा लिखना |
| 3 | पृष्ठ 41 और 42<br>सोचो समझो और बोलो, आओ जानें | - मौखिक प्रश्नों द्वारा पाठ का अर्थ जानना<br>- मौखिक प्रश्नों द्वारा पाठ के मूल भाव को जानना<br>- छात्रों के पसंदीदा त्योहार जानना<br>- विराम चिह्नों से परिचित होना | शिक्षण नीति – मौखिक प्रश्नों के उत्तर जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – मौखिक प्रश्न के उत्तर समझाना,विराम चिह्नों की परिभाषा तथा प्रयोग पढ़ाना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 42 विराम चिह्न की |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | - विराम चिह्न तथा उस के नाम से परिचित कराना | | परिभाषा लिखना |
| **4** | पृष्ठ 105 लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- छात्रों की एकाग्रता को बढ़ावा देना<br>- छात्रों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता को जानना<br>- अपने प्रिय त्योहार के बारे में लिख पाना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 105 के प्रश्नों का उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पाँच त्योहारों के नाम लिखकर चित्र चिपकाना |
| **5** | पृष्ठ 106 लिखित अभ्यास<br>पढ़ो समझो और लिखो | - त्योहार पर बनाए जाने वाले भोजन की जानकारी होना<br>- प्रत्येक त्योहार की विशेषता जानना<br>- शब्दों में बिंदु (.) और चन्द्रबिंदु लगाने में समर्थता<br>- अनेकार्थी शब्दों से परिचित होना | शिक्षण नीति – अनुस्वार और अनुनासिक वाले शब्दों पर चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 106 प्रश्न 3 का उत्तर लिखना, पढ़ो समझो और लिखो का प्रश्न 1, 2 कराना<br>गृहकार्य –प्रश्नोत्तर याद करने के लिए कहना |
| **6** | पृष्ठ 107,108 पढ़ो समझो और लिखो, भाषा की बात | - रिक्त स्थानों की पूर्ति करने में सक्षम होना<br>- शब्द और चित्र में मिलान कर पाना<br>- दिए गए शब्दों को पाठ में पहचान पाना<br>- बचन बदलने की जानकारी होना<br>- शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना सीखना | शिक्षण नीति – अनेकार्थी शब्दों पर चर्चा<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, अनेकार्थी शब्दों का चार्ट | कक्षा कार्य – पढ़ो समझो और लिखो का प्र.2-4 भाषा की बात का प्र.1,2 लिखना<br>गृहकार्य – कक्षा में किए कार्य को याद करना |
| **7** | पृष्ठ 108,109 भाषा की बात, श्रुतलेख | - 'र' वर्ण में उ और ऊ की मात्रा लगाने के तरीके जानना<br>- प्रश्नवाचक वाक्यों को समझकर लिख पाना<br>- विराम चिह्नों का प्रयोग जानना<br>- विराम चिह्नों का नाम से मिलान कर पाना<br>- कठिन शब्दों का श्रुतलेख लिखने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – प्रश्नवाचक वाक्यों पर छात्रों के साथ चर्चा करना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – भाषा की बात का प्र. 3-5 लिखना श्रुतलेख लिखाना<br>गृहकार्य – भाषा की बात का प्र. 6 लिखना तथा परियोजना कार्य करना |
| **8** | पृष्ठ 109<br>आओ खेल खेलें, परियोजना कार्य | - सहभागिता को बढ़ावा देना<br>- त्योहारों से संबंधित एकत्रित की जानकारी सांझा करने में सक्षम होना<br>- समूह कार्य के द्वारा पाठ के मूल उद्देश्य को जानना | शिक्षण नीति – समूह कार्य करना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 109 प्रश्न 5 और 6 करना<br>गृहकार्य –पढ़े हुए पाठ को दोहराना |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>त्योहारों से संबंधित विषय पर छात्रों से बातचीत करना त्योहारों का चित्र छात्रों को दिखाया जाएगा फिर छात्रों से पाठ 14 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process )** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्र बारी - बारी से पाठ 14 का वाचन करेंगे<br>- शिक्षिका बीच - बीच में पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँगी<br>- गलत उच्चारण करने पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जांच के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को दीपावली त्योहार से संबंधित प्रश्न पूछकर आपस में चर्चा करने का अवसर देना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल को जाँचना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में पूछना, छात्रों को पृष्ठ 39 और 40 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पाठ के बचे हुए भाग को छात्रों के पढ़ाना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों से पाठ की जानकारी लेना शिक्षक पाठ के अर्थ और उद्देश्य समझाना<br>-अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>अध्यापिका ध्यान रखें कि सभी छात्रों को पठन का अवसर मिले<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को समूह में बिठाकर शब्द अंताक्षरी खिलाना<br>**मूल्यांकन**: – अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना (छात्रों से प्रश्न पूछना- इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिली? क्रिसमस किस धर्म का त्योहार है?) |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 41 और 42 निकालने के लिए कहना<br>- अध्यापक कुछ वाक्य श्यामपट्ट पर लिखना उनमें कहीं भी विराम चिह्न नहीं लगाना छात्रों से पूछना इस में किस प्रकार की त्रुटि है? इनका ध्यान विराम चिह्नों की ओर ले जाना तथा चार्ट पर लिखे वाक्य पढ़ाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>छात्रों से सोचो समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें तथा सभी को बोलने का अवसर प्रदान करें(मौखिक कौशल विकास करने हेतु)<br>- छात्रों से पाठ के आओ जाने के विराम चिह्न पढ़ाना तथा समझाना<br>- विराम चिह्नों का वाक्य में प्रयोग बताना<br>- छात्रों को विराम चिह्न तथा उस के नाम से परिचित कराना तथा लिखने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना, विराम चिह्नों के नाम दोहराना<br>- छात्रों को पृष्ठ 105 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से लिखित अभ्यास के प्रश्नोत्तर पूछते हुए बोर्ड पर लिखना और छात्रों को समझकर लिखने के लिए कहना छात्रों को उत्तर स्वयं लिखने के लिए प्रेरित करना<br>- छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र समूह में एक - दूसरे से प्रश्न पूछकर अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |

| | |
|---|---|
| - विराम चिह्न श्यामपट्ट पर लिखना तथा उनके नाम छात्रों से पूछना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना | |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृह्कार्य के बारे में पूछ्ना पृष्ठ 106 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- लिखित अभ्यास के प्रश्न का उत्तर छात्रों से पूछते हुए तालिका पूरी कराना<br>- बोर्ड पर लिखकर त्योहार पर बनाए जाने वाले भोजन की जानकारी देना<br>- पढ़ो समझो और लिखो के भाग से प्रश्न पूछकर अभ्यास कार्य कराना<br>- अनुस्वार और अनुनासिक वाले शब्द छात्रों को समझाना उनका वाक्यों में प्रयोग कराना<br>- शब्दों में बिंदु(.) और चन्द्रबिंदु लगाकर लिखना<br>- अनेकार्थी शब्दों से परिचय करा कर लिखाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र विभिन्न त्योहारों के मनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन और लेखन ज्ञान को जाँचना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना, पृष्ठ 107 निकालने के लिए छात्रों को कहना अनेकार्थी शब्दों का चार्ट दिखाना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पढ़ो समझो और लिखो और भाषा की बात के भाग से प्रश्न पूछ कर अभ्यास कार्य कराना<br>- वाक्य बोलते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कराना, शब्द और चित्र को पहचानकर मिलान कराना, दिए गए शब्दों को पाठ में पहचानकर रेखांकित करना, बचन बदलकर लिखना शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कराना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को समूह में अनेकार्थी शब्दों एक दूसरे से पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल को जाँचना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना छात्रों को कुछ शब्द बोलना तथा उन का लिंग परिवर्तन कराना और पृष्ठ 108 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को 'र' वर्ण में उ और ऊ की मात्रा लगाने के तरीके समझाकर लिखाना<br>- पाठ से प्रश्नवाचक वाक्य पहचानकर लिखाना, वाक्यों में विराम चिह्नों का प्रयोग कराना<br>- प्रश्नवाचक वाक्यों को कक्षा में समझाना<br>- श्रुतलेख देना- अभिवादन, गुरूजी, उत्सुक, प्रतिदिन, उल्लास, इंतजार, संस्कृति, भगवान, मिठाइयाँ, शुभकामनाएँ | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 109 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को घेरे में बिठाना तथा बारी-बारी से त्योहारों से संबंधित कोई घटना सुनाने के लिए कहना<br>- परियोजना कार्य में त्योहार से संबंधित लाई जानकारी को कक्षा में पढ़ाना<br>- सभी छात्रों को बोलने का अवसर देना<br>- अच्छी जानकारी लाने वाले विद्यार्थी को ताली बजाकर प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट** |

| | |
|---|---|
| - श्रुतलेख के शब्द ध्यान से सुनकर लिखने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा श्रुतलेख के शब्द ब्लैकबोर्ड पर लिखना और समझाना<br>- छात्रों के एक दूसरे की कापी जाँचने के लिए कहना तथा गलत शब्दों को दुबारा लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना | - छात्रों को अपने चित्र तथा जानकारी एक दूसरे से साझा करने का अवसर देना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों की अर्थग्राह्यता को जाँचना |

## पाठ-15 – कूल कप्तान निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – मिताली राज के जीवन से परिचय, 'र' के रूपों का ज्ञान, 'ऋ' की मात्रा वाले शब्दों से परिचय

**शब्द भंडार** – क्रिकेट, अंतरराष्ट्रीय, समर्पित, प्रेरणा, विरुद्ध, स्कोर, रिकॉर्ड, प्रशिक्षण, परिश्रमी, प्रोत्साहित, भरतनाट्यम, अभ्यास

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 43, 44 और 45<br>कूल कप्तान<br>पाठ का पठन | - आत्मविश्वास, उचित लय व गति से पाठ पढ़ना<br>- पढ़ते समय शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करना<br>- नए शब्दों को जानना<br>- मिताली राज के जीवन के बारे में जानना<br>- क्रिकेट के बारे में जानना | शिक्षण नीति –पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, मिताली राज की तस्वीर | कक्षा कार्य – पृष्ठ 43, 44 का पठन<br>गृहकार्य – पाठ में आए नए शब्दों को रेखांकित कर लिखना |
| 2 | पाठ – 15 का स्पष्टीकरण | - पाठ के अर्थ और मूल भाव को समझना<br>- पाठ में आए नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना<br>- मौखिक प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – पाठ के मूल भाव और उद्देश्यों का स्पष्टीकरण<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, मिताली राज की तस्वीर | कक्षा कार्य – पृष्ठ 44,45 का पठन<br>पाठ - 15 के नए शब्दों का अर्थ जानना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 45 के शब्दार्थ लिखना और याद करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | पृष्ठ 45 और 46 सोचो समझो और बोलो, आओ जानें | - मौखिक प्रश्नों के अर्थ जानना<br>- मौखिक प्रश्नों द्वारा पाठ के मूल भाव को जानना<br>- ऋ की मात्रा का प्रयोग करने में सक्षम होना | शिक्षण नीति – मौखिक अभ्यास का<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – मौखिक प्रश्नों के उत्तर समझाना ऋ की मात्रा का उच्चारण तथा प्रयोग समझाना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 46 प्रश्न 2 किस ने किस से कहा करने के लिए कहना |
| 4 | पृष्ठ 110 लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- छात्रों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता को जानना<br>- अन्य महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की जानकारी होना | शिक्षण नीति – प्रश्नों के उत्तर जानना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 110 के प्रश्नों का उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 110 प्रश्न 2 याद करना |
| 5 | पृष्ठ 111 पढ़ो समझो और लिखो | - अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- वाक्यों का सही उत्तर जानना<br>- वाक्यों को धारा प्रवाह पढ़ने की जानकारी होना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखना, वाक्यों का सही उत्तर लिखना<br>गृहकार्य – 5 महिला क्रिकेट खिलाडियों के चित्र पेपर पर चिपकाना |
| 6 | पृष्ठ 112 पढ़ो समझो और लिखो, भाषा की बात | - नए, कठिन शब्दों को पढ़कर लिखना<br>- वाक्यों में 'ऋ' की मात्रा वाले शब्दों से परिचय<br>- वाक्यों में रेखांकित शब्दों से वाक्य बनाने का अभ्यास | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पढ़ो समझो और लिखो प्रश्न 4 तथा भाषा की बात के 2 प्रश्न लिखाना<br>गृहकार्य –ऋ की मात्रा वाले 10 शब्द लिखकर लाना |
| 7 | पृष्ठ 113 भाषा की बात, श्रुतलेख | - वाक्य में शब्द पहचानकर उनके पर्यायवाची शब्द लिख पाना<br>- शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना<br>- श्रुतलेख द्वारा कठिन शब्दों का अभ्यास कराना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़, | कक्षा कार्य – भाषा की बात के प्रश्न 3,4 लिखाना तथा श्रुतलेख देना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 114 परियोजना कार्य करने के लिए कहना |
| 8 | पृष्ठ 114 आओ खेल खेलें, परियोजना कार्य | - सामूहिक खेल से परिचय<br>- परियोजना कार्य<br>- समूह कार्य के द्वारा पाठ के मूल उद्देश्य को जानना | शिक्षण नीति – साक्षात्कार लेने का ज्ञान<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 114 प्रश्न 4,आओ खेल खेल, परियोजना कार्य<br>गृहकार्य – पढ़े हुए पाठ को दोहराना |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>**-** क्रिकेट के बारे में छात्रों से प्रश्न करना उनके प्रिय खिलाड़ी के बारे में पूछना<br>महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज की तस्वीर छात्रों को दिखाना तथा उन्हें पाठ के बारे में जानने के लिए प्रेरित करना, छात्रों से पाठ 15 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process )** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्र बारी - बारी से पाठ 15 का वाचन करेंगे<br>- अधायापिका बीच - बीच में पाठ का भाव व कठिन शब्दों के अर्थ समझाएँगी<br>- गलत उच्चारण करने पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- मिताली राज के जीवन के बारे में छात्र आपस में चर्चा करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों पठन कौशल को जाँचना<br>छात्रों की समझ को जाँचने के लिए प्रश्न पूछना, जैसे – मिताली राज कौन है? मिताली राज बचपन में कौन सा नृत्य करती थी? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में पूछना, छात्रों को पृष्ठ 45 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- बचे हुए पाठ का वाचन कराना<br>- छात्रों से पाठ की अर्थग्राह्यता की जानकारी लेना शिक्षक पाठ के अर्थ और उद्देश्य समझाएँगे<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना<br>छात्रों से प्रश्न पूछना – मिताली राज का जन्म कब और कहाँ हुआ? आपको उनके जीवन से क्या प्रेरणा मिली? |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना कुछ शब्द श्यामपट्ट पर लिखना तथा छात्रों से पढ़ाना जैसे नृप, कृषक, कृपा,वृथा छात्रों से पूछना इन में क्या समान है छात्रों को ऋ की मात्रा वाले शब्दों का चार्ट दिखाकर शब्द पढ़ाना फिर पृष्ठ 45 और 46 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें तथा सभी को बोलने का अवसर प्रदान करें (मौखिक कौशल विकास करने हेतु)<br>- ऋ की मात्रा वाले शब्द पाठ्य पुस्तक में पढ़ाना तथा लिखाना<br>- अन्य महिला क्रिकेटर के नाम जानना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना, कठिन शब्दार्थ पूछना पृष्ठ 110 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>-लिखित अभ्यास के प्रश्न पूछकर उत्तर बोर्ड पर लिखना और छात्रों को समझकर लिखने के लिए कहना छात्रों को लिखने के लिए प्रेरित करना<br>छात्रों के पास जा कर देखना कि वे सही लिख रहे हैं या नहीं त्रुटियाँ होने पर सुधार करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना तथा उत्तरों की पुष्टि के लिए प्रश्न पूछना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |

| | |
|---|---|
| - छात्रों को घेरे  में बिठाकर शब्द अंताक्षरी खेल खिलाना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर मौखिक अभ्यास की जाँच करना जैसे – महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत कब हुई? नृत्य और क्रिकेट में क्या श्रेष्ठ है? आपका मनपसंद खेल कौन सा है? | |
| **दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 111 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- अपठित गद्यांश को पढ़ाना तथा छात्रों को उसके प्रश्नों के उत्तर बोर्ड पर लिखकर समझाना<br>- वाक्यों के सही उत्तर पहचान कर रेखांकित करना<br>- वाक्यों को धारा प्रवाह रूप में पढ़ाना<br>**अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट**<br>-दो-दो छात्रों को जोड़ों में पाठ का अन्य गद्यांश पढ़कर प्रश्न बनवाना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना, कुछ शब्द बोल कर उन से वाक्य बुलाना<br>- पृष्ठ 112 निकालने के लिए छात्रों को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- भाषा की बात के प्रश्न पढ़ना तथा लिखना<br>- नए कठिन शब्दों को पढ़कर लिखना<br>- वाक्यों में ऋ की मात्रा वाले शब्द रेखांकित करना<br>- वाक्यों में रेखांकित शब्दों से पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य बनाने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लिखित कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन: -** अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के लेखन कौशल को जाँचना |
| **दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 113 निकालने के लिए  कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- 'पर्यायवाची शब्दों को बोर्ड पर लिखकर दिखाना और छात्रों को लिखने के लिए प्रेरित करना<br>- शब्दों से वाक्य बनाने के लिए प्रेरित करना<br>- श्रुतलेख के शब्द देना जैसे-  क्रिकेट, अंतरराष्ट्रीय, समर्पित, प्रेरणा, विरुद्ध, स्कोर, रिकॉर्ड, प्रशिक्षण, परिश्रमी, प्रोत्साहित, भरतनाट्यम | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5  मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना पृष्ठ 114 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- आओ खेले खेलें वाले चित्र में असमानताएँ पहचानना<br>- छात्रों के परियोजना कार्य को कक्षा में प्रस्तुत कराना<br>- मिताली का साक्षात्कार लेने के लिए प्रश्नावली पढ़वाना<br>- सभी छात्रों को पढ़ने का अवसर देना |

| अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट | अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट |
|---|---|
| श्रुतलेख के शब्द बोर्ड पर लिखना तथा छात्रों को एक दूसरे की पुस्तिकाएँ परखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना छात्रों से प्रश्न पूछकर उनका ज्ञान जाँचना - ऋ की मात्रा वाले शब्द बताओ सूर्य, बादल, समुद्र आदि शब्दों के पर्यायवाची शब्द बताओ | - छात्रों को एक दूसरे से परियोजना कार्य साझा करने का अवसर देना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना<br>छात्रों से प्रश्न पूछना इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिली? मिताली राज के जीवन से आपको क्या शिक्षा मिलती है? |

| पाठ-16 – गिनती ( 1 से 50 ) | | | निर्धारित कालांश – 4 | |
|---|---|---|---|---|
| **पूर्वज्ञान** – एक से पचास तक अंकों और शब्दों में गिनती से परिचय | | | | |
| **दिवस** | **पृष्ठ सं. और अनुभाग** | **उद्देश्य** | **शिक्षण नीति और सहायक सामग्री** | **कक्षाकार्य / गृहकार्य** |
| 1 | पृष्ठ संख्या 47 और 48 गिनती | - गिनती पढ़ने का ज्ञान होना<br>- गिनती का प्रयोग सीखना<br>- गिनती सीखने के महत्व और आवश्यकता को जानना | शिक्षण नीति – जोड़ों में गिनती बोलना<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, गिनती का चार्ट | कक्षा कार्य – 1 से 25 तक गिनती लेखन<br>गृहकार्य - 1 से 25 तक गिनती याद करने के लिए कहना |
| 2 | पाठ – 16<br>गिनती | - गिनती लेखन का ज्ञान होना<br>- शब्दों में गिनती लिखने का ज्ञान होना<br>- छात्रों की एकाग्रता को बढ़ावा देना | शिक्षण नीति – 26 से 50 तक गिनती<br>सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – 26 से 50 तक गिनती लेखन<br>गृहकार्य – 26 से 50 तक गिनती याद करना |
| 3 | पृष्ठ 115,116, 117<br>शब्दों में गिनती लिखो | - गिनती को समझकर लिखने की कला का ज्ञान<br>- हिंदी संख्या पढने का ज्ञान होना<br>- छात्रों का गिनती लिखने में सक्षम होना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – पृष्ठ 115 और 116 करना<br>गृहकार्य – पृष्ठ 117 के 1 से 50 तक अंकों में गिनती लिखो |
| 4 | पाठ – 16<br>अंकों में गिनती लिखो | - सहभागिता को बढ़ावा देना<br>- समूह में कार्य करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री – ब्लैकबोर्ड, चॉक, पाठ्यपुस्तक, पेन्सिल, रबड़ | कक्षा कार्य – समूह खेल खेलना<br>गृहकार्य – 1 से 50 तक गिनती याद करना |

| **दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कुछ अंक श्यामपट्ट पर लिखना तथा छात्रों से पूछना इन अंको के समूह को क्या कहते हैं? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में पूछना, छात्रों को पृष्ठ 47 और 48 निकालने के लिए कहना |

| | |
|---|---|
| गिनती का चार्ट छात्रों को दिखाया जाएगा, छात्रों से पाठ 16 निकालने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण**:(**Transactional Process** ) **समय- 20 मिनट**<br>- छात्र बारी - बारी से पाठ 16 के गिनती का वाचन करेंगे 1 से 25 तक गिनती बोर्ड पर लिखकर छात्रों को लिखने के लिए कहा जाएगा<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र एक –दूसरे से अंक बोलकर शब्द बोलने का अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना | **मुख्य चरण**:(**Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- 26 से 50 तक गिनती बोर्ड पर लिखकर छात्रों को लिखने के लिए कहना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र जोड़ों में गिनती बोलने का अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पृष्ठ 115 और 116 निकालने के लिए कहना, छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>**मुख्य चरण**: **(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- पृष्ठ 115 और 116 के गिनती को लिखकर समझाना<br>- गिनती को अंक और शब्द में वाचन सीखना<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र एक – दूसरे से गिनती पूछेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना छात्रों के ज्ञान को जाँचने के लिए प्रश्न पूछना जैसे – जनवरी महीने में कितने दिन होते हैं? आपका जन्मदिन कब होता है?आपकी उम्र कितनी है? | **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना, पाठ 16 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण**:(**Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को गिनती पर खेल खिलवाया जाएगा 1 से 50 तक गिनती का स्टैम्प बनाया जाएगा छात्र समूह में बैठेंगे जो अंक शिक्षिका बोलेगी छात्र उस स्टैम्प पर हाथ रखकर उठाएँगे<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र समूह में खेल का अभ्यास करेंगे<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना छात्रों से प्रश्न पूछना - इस समूह खेल में आपने क्या सीखा? आपके कितने विषय है? |

## पाठ – आओ खेल खेलें निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान** – संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण से परिचय, व्याकरण के ज्ञान से परिचय

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ संख्या 49<br>आओ खेल खेलें | - संज्ञा शब्दों से परिचय<br>- सर्वनाम, क्रिया और विशेषण से परिचय<br>- व्याकरण का ज्ञान होना | शिक्षण नीति – नए शब्दों का ज्ञान | कक्षा कार्य - व्याकरणिक ज्ञान पर खेल खेलना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | - सीखने की रुचि में विकास | सहायक सामग्री - ब्लैकबोर्ड , चॉक, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण शब्दों का चार्ट, पाठ्यपुस्तक | गृहकार्य – संज्ञा,सर्वनाम, क्रिया और विशेषण शब्द याद करना |

**दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**

- संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण का चार्ट छात्रों को दिखाया जाएगा छात्रों से पृष्ठ 49 निकालने के लिए कहना

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- छात्र पृष्ठ 49 का पठन करेंगे शिक्षिका छात्रों से संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण पहचानकर रंग भरने के लिए कहेंगी
- छात्रों से प्रश्न पूछना – कुछ क्रिया शब्द बताओ सर्वनाम शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करके बताओ। रमा, फूल, तितली आदि संज्ञा शब्दों में विशेषण लगाकर बताओ।

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- छात्र संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण शब्दों पर आपस में चर्चा करेंगे।

**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा प्रश्न पूछकर छात्रों के ज्ञान को जाँचना

# उत्तर पुस्तिका
## स्तर - 4

### ध्यान देने योग्य बातेंः-

पुस्तक में जहाँ कहीं छात्रों के लेखन आदि का कार्य है, वे भाग छात्र स्वयं करेंगे।

श्रुतलेख में दिए गए शब्दों को बदला जा सकता है।

छात्रों को पाठ में अनुच्छेद लेखन से संबंधित प्रश्न पूछे गए हैं। छात्रों को अनुच्छेद लेखन के बारे में बताएँ।

**अनुच्छेद लेखन** - आपस में एक-दूसरे से संबंधित वाक्यों का एक ऐसा समूह जिसमें किसी बड़े विषय के एक भाग या उपभाग का वर्णन किया जाता है, उसे अनुच्छेद कहते हैं। जब हम किसी विषय पर अपने विचार संक्षेप में प्रकट करते हैं, उसे हम अनुच्छेद लेखन कहते हैं।

अनुच्छेद लिखते समय हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिएः-

- वाक्य छोटे-छोटे होने चाहिए।
- वाक्य एक-दूसरे से जुड़े होने चाहिए।
- भाषा सरल होनी चाहिए।

## 1. विनती

### लिखित अभ्यास

1) 1. बच्चे भगवान से विनती कर रहे हैं।
   2. हमें उन्नति के पथ पर बढ़ते जाना है।
   3. हमें सभी के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए।
   4. हमें ईश्वर का गुणगान करना चाहिए।

2) 1. विनती – आज्ञा न देकर विनती करना उत्तम है।
   2. भेदभाव – हमें जाति-पाति का भेदभाव नहीं करना चाहिए।
   3. उन्नति- देश की उन्नति के लिए हमें सहयोग देना चाहिए।
   4. सेवा – हमें दीन-दुखियों की सेवा करनी चाहिए।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. सुन लो विनती हे भगवान,
      छोटे बच्चे हम हैं नादान।
   2. माता-पिता गुरुजनों का करें सम्मान,

भूल से भी न करें हम कोई गलत काम।

3. सदा ही पढ़-लिख कर पाएँ ज्ञान,

   देना हमको यह वरदान।

2) द्वित्व वर्ण – बच्चे, सम्मान, उन्नति

   संयुक्त वर्ण – तुम्हारा, ईश्वर, ज्ञान

3) 'आ' की मात्रा वाले शब्द - भगवान, नादान, ज्ञान, वरदान, माता, काम

   'इ' की मात्रा वाले शब्द - विनती, उन्नति, किसी, पिता, मिल, लिख

4) 1. रहे हैं।   2. रहे हैं।   3. रही है।   4. रहा है।   5. रहा है।

## भाषा की बात

1) काम - नाम, मिल - दिल, पथ - रथ, सेवा - मेवा

2) मानव - दानव, नादान - समझदार, रात्रि - दिवस, समान - असमान, अर्थ - अनर्थ

3) संकेतों के आधार पर वाक्य बनाओ।

1. बच्चे – बच्चे मन के सच्चे होते हैं।
2. पढ़-लिख – बच्चे पढ़-लिखकर नाम कमाएँगे।
3. गुणगान – बच्चे ईश्वर का गुणगान कर रहे हैं।
4. मिल-जुल – मिल-जुल कर रहने से एकता दृढ़ होती है।
5. माता-पिता – माता-पिता ईश्वर के समान है।

## श्रुतलेख

वरदान, सम्मान, ईश्वर, उन्नति, भेदभाव

## आओ खेल खेलें

दिन-गिन, सिल- बिल, रात-मात, खेल-रेल, बाली-नाली, शिक्षा-भिक्षा, अंदर–बंदर, बच्चे – कच्चे, पेड़-भेड़, नाई-दाई

## परियोजना कार्य –

गुरुर्ब्रह्मा गुरु र्विष्णुः गुरुदेवो महेश्वरः

गुरु साक्षात्परब्रह्म तस्मै श्री

गुरु वे नमः।

## 2. बुद्धिमान मेमना

### लिखित अभ्यास

1) 1. किसान जंगल के किनारे रहता था।

   2. छोटे मेमने को उसकी माँ ने समझाया था कि अनजान लोगों के हाथ से कोई चीज़ नहीं लेनी चाहिए।

   3. सामने खतरा देखकर पहले तो मेमना घबरा गया। फिर उसने बुद्धिमानी से काम लेते हुए भेड़िये को बातों में उलझा दिया।

   4. इस पाठ से हमें शिक्षा मिलती है कि मुसीबत आने पर हमें घबराना नहीं चाहिए, बल्कि बुद्धि से काम लेना चाहिए।

2) गाय मेरा प्रिय पशु है। इसकी चार टाँगे, दो सींग, दो कान, चार थन और एक लंबी पूँछ होती है। गाय हरा चारा खाती है। गाय हमें दूध देती है। गाय का दूध बहुत पौष्टिक होता है। गाय के दूध से दही, घी, मक्खन, पनीर, खोया, मिठाइयाँ आदि बनाई जाती हैं।

3) छात्र स्वयं चित्र बनाएँगे।

4) 1. नटखट – मेमना बहुत नटखट था।

   2. खूँखार - भेड़िया बहुत खूँखार था।

   3. बुद्धिमान – राम एक बुद्धिमान लड़का है।

   4. तलाश – शिकारी जंगल में शिकार की तलाश कर रहा है।

### पढ़ो, समझो और लिखो।

1) व्यक्ति- किसान, शिकारी　　वस्तु- घास

   स्थान – जंगल, घर　　जानवर – बकरी, मेमना, भेड़िया, कुत्ते

2) 1. भेड़िया　　2. शिकारी कुत्तों ने　　3. बुद्धिमानी

3) 1.के　　2. को　　3. का　　4. को　　5. की

### भाषा की बात

1) 1. भेड़िया ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा।

   2. जंगल मे एक भेड़िया रहता था।

   3. "क्यों बेटा, क्या कर रहे हो?"

   4. "चलो बेटा, मैं तुम्हारी माँ से मिला देता हूँ।"

   5. हरी-हरी घास देखकर वह वहीं चरने लगा।

2) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखो।

1. जंगल में अनेक बकरियाँ रहती थीं।

2. बकरियों के छोटे बच्चे नटखट और बुद्धिमान थे।

3. वे भी उसी ओर जाने लगे।

3) 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा – हैदराबाद, कमला 2. जातिवाचक संज्ञा – नगर, कक्षा

4) 1. माली 2. जवान 3. दोस्ती 4. घोड़ा 5. घर

## श्रुतलेख

बुद्धिमान, इंतज़ार, चिल्लाने, शिकारी, अनजान

## आओ खेल खेलें

मैं तुम्हारे घर आना चाहता था लेकिन मुझे समय नहीं मिला।

रेलगाड़ी छूट गई क्योंकि हम धीरे चल रहे थे।

मैंने राम का गृहकार्य किया क्योंकि उसका स्वास्थ्य सही नहीं था।

## परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

# 3. हमारा स्वास्थ्य

## लिखित अभ्यास

1) 1. स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना ज़रूरी है। प्रतिदिन स्नान के बाद धुले हुए कपड़े पहनने चाहिए।
   2. हमें सफ़ाई घर की, बाहर की तथा शरीर की करनी चाहिए।
   3. जिस भोजन में सभी आवश्यक तत्त्व जैसे कार्बोहाइड्रेड, वसा, विटामिन, प्रोटीन आदि मौज़ूद होते हैं, उसे संतुलित भोजन कहते हैं।
   4. व्यायाम करने से हमारा शरीर स्वस्थ और फुर्तीला रहता है। इसलिए हमें प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। अच्छा स्वास्थ्य ही सुखमय जीवन का आधार है।

2)'स्वास्थ्य की देखभाल' के लिए स्वच्छता के नियमों का पालन करना अनिवार्य है।स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है।स्वास्थ्य की देखभाल के लिए भोजन की शुद्धता, आस-पास की स्वच्छता, स्वच्छ वायु आदि अनिवार्य है।भोजन करने से पहले हाथ धोना, साफ और धुलेहुए कपड़े पहनना आदि आवश्यक है।

3) 1. स्वास्थ्य - हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।
   2. प्रतिदिन – प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए।
   3. नीरस – बीमार रहने से मन नीरस हो जाता है।

4. स्वच्छ  - अपने आस-पास का  वातावरण स्वच्छ रखना ज़रूरी है।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. स्वस्थ रहने से मन भी प्रसन्न रहता है।

2. स्नान के बाद साफ, धुले हुए कपड़े पहनने चाहिए।

3. हमें संतुलित आहार लेना चाहिए।

4. टहलना भी एक तरह का व्यायाम होता है।

5. अच्छा स्वास्थ्य ही सुखमय जीवन का आधार है।

2) 1. हिम्मत,  2. चमड़ी,  3. साफ,  4. जिसमें आनन्द न हो,  5. शरीर,  6. रोग

3)  स्वास्थ्य, सब्ज़ी, प्रतिदिन, व्यायाम, बीमारी

## भाषा की बात

1) 1.  अस्वस्थ,  2. गंदा,  3. कम,  4. असंतुलित

2) कूड़ा-कचरा, मच्छर-मक्खियाँ, दूध-दही, खेल-कूद

3) 1. मैं सोच रहा हूँ कि कंप्यूटर सीख लिया जाए।

2. तुम राम को समझाओ कि झगड़ा न करे।

3. हमें घर के साथ बाहर की सफाई भी करनी चाहिए।

4. हमें देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

4)1. मेरे पिता जी बाज़ार से आलू, मूली, बैंगन, टमाटर और खीरा लाए।

2. राधा, मीरा, रमा, उषा और नरेश ने नाटक में भाग लिया।

3. सफाई तन की, घर की और बाहर की होनी चाहिए।

4. हमने जंगल में शेर, चीता, भालू, हाथी और बंदर भी देखे।

5. वस्तु, स्थान, व्यक्ति के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।

5) 1. हमें स्वस्थ रहने के लिए दाल, पालक, फल आदि खाने चाहिए।

2. जल, थल, वायु सेना मिलकर देश की रक्षा करते हैं।

3. व्यायाम करने से तन, मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

## श्रुतलेख

व्यायाम, प्रतिदिन विपरीत, संतुलि त, उबला

## आओ खेल खेलें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दाल | चावल | बर्गर | चॉकलेट | अंडा |
| पिज़्ज़ा | सेब | नूडल्स | पालक | दूध |

**परियोजना कार्य** – छात्र प्रतिक्रिया

## 4. झरना

### लिखित अभ्यास

1) 1. झरना झर-झर बहता है।

2. झरना पहाड़ों और घाटियों से अपनी राह बनाता है।

3. झरना ठोकर खाकर भी सबकी प्यास बुझाता है।

4. 'झरना' कविता से हमें शिक्षा मिलती है कि हमें कठिनाइयों में कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।

2) 1. पर्वत – मेरे घर के सामने एक बड़ा पर्वत है।

2. धरती – कमल ठोकर खाकर धरती पर गिर पड़ा।

3. घाटी – घाटी से निकलता सूरज बहुत अच्छा लगता है।

4. प्यास – गरमी में बहुत प्यास लगती है।

3) 'झरना' कविता का सार

झरना अपनी कहानी बताता हुआ कहता है कि मैं पर्वतों की चोटी से उछल-उछलकर बहता हूँ। मैं सदा झरता रहता हूँ। मैं पहाड़ों और घाटियों से अपनी राह बनाता हूँ। चट्टानों के सीने को चीरकर मैं आगे बढ़ता जाता हूँ। मैं कभी भी थकता नहीं हूँ। हमेशा हँसता और गुनगुनाता रहता हूँ। धरती पर बार-बार ठोकर खाकर सबकी प्यास बुझाता हूँ।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) बहता, झरता, रहता, बनाता, बढ़ता, जाता, जानता, थकना, गुनगुनाता, खाता, बुझाता

2) बनाता, बढ़ता, थकना, गुनगुनाता, खाता

3) 1. उछल-उछल कर पर्वतों की चोटी से,
झर-झर-झर-झर बहता हूँ।

2. धरती पर ठोकर खाता बार-बार,

फिर भी सबकी प्यास बुझाता हूँ।

4) 1. प्यास 2. धरती 3. स्वयं की 4. गुनगुनाता है

**भाषा की बात**

1) बहुवचन - कहानियाँ, चट्टानें, ठोकरें, घाटियाँ, राहें, पहाड़

2) 1. पर्वतों – झरना पर्वतों को चीरकर अपनी राह बनाता है।

2. झरना – झरना धरती पर बहता है।

3. बहता – झरना बहता ही रहता है।

4. धरती – धरती वनस्पतियों से भरी हुई है।

5. प्यास – झरना सबकी प्यास बुझाता है।

3) पिता- जनक, तात धरती – भू, धरा

राह – पथ, डगर पानी – नीर, जल

4) 1. पिता 2. दिनेश 3. रजनी 4. बादल 5. रवि 6. भास्कर

5) चोटी – मोटी, रोटी जाता – आता, खाता

झरना – डरना, भरना चीर – नीर, खीर

## श्रुतलेख

उछल, ठोकर, पहाड़ों, प्यास, थकना, घाटियों

## आओ खेल खेलें

हमें नलों को बंद रखना चाहिए। आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग किया जाना चाहिए।

## परियोजना कार्य

मेरे घर के पास एक झरना है।

झरना झर-झर बहता रहता है।

वह अपना मीठा संगीत सबको सुनाता है।

झरने का पानी बहुत ठंडा और मीठा होता है।

# 5. खुशबू की कीमत

## लिखित अभ्यास

1) 1. राधे के पास मिठाई खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए वह मिठाई नहीं खरीद पाता था।
   2. रामलाल ने राधे को डाँटते हुए कहा कि तुम्हें मेरी मिठाई की खुशबू के पैसे देने होंगे।
   3. बीरबल ने राधे को सिक्का देकर कहा कि यह सिक्का रामलाल की नाक के पास ले जाकर रख दो और कहो- इसे देख लो, तुम्हारी मिठाई की खुशबू की सही कीमत यही होगी।
   4. बादशाह अकबर ने रामलाल को राधे के घर एक किलो मिठाई भिजाने की सज़ा दी।

2) यदि हम बादशाह अकबर की जगह होते तो रामलाल को यही सज़ा सुनाते। साथ ही बीरबल और दरबारियों के लिए भी मिठाई मँगवाने की सज़ा देते।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. रामलाल को राधे के घर एक किलो मिठाई भेजने की सज़ा मिली। (7)
   2. राधे मिठाई की खुशबू का आनंद लेते हुए खाना खाता था। (3)
   3. राधे के पास मिठाई खरीदने के पैसे नहीं थे। (2)
   4. अकबर के राज्य में रामलाल नाम का एक लालची हलवाई रहता था। (1)
   5. दाम तो मिठाई के चुकाए जाते हैं, भला खुशबू के भी कोई पैसे लेता है? (4)
   6. यह सिक्का ले जाओ और कहो कि वह भी सिक्के को देख ले। (6)
   7. तुम दाम चुकाओ वरना तुम्हारी शिकायत बादशाह से करूँगा। (5)

2) 1. लालची — 2. घर का निर्माण — 3. मज़दूरी
   4. सिक्का — 5. एक किलो मिठाई देने की

3) गुलाबजामुन, रसगुल्ले, पेड़े, जलेबी, लड्डू, गुझिया

4) 1. उसकी मिठाइयों की दुकान थी।
   2. रामलाल को एक दिन यह बात पता चल गई।
   3. मैं भी बादशाह के पास चलने के लिए तैयार हूँ।

5) 1. अकबर के राज्य में लालची आदमी रहता था। (मैं / में)
   2. उसकी दुकान में मिठाइयाँ थी। (में/मैं)
   3. मैं ने आपकी मिठाई नहीं खाई। (मैं/में)
   4. मैं तुम्हारी शिकायत करूँगा। (मैं/में)
   5. राधे को एक कोने में बुलाया। (मैं/में)

## भाषा की बात

1) 1. गरीब – अमीर 2. खुशबू – बदबू 3. न्याय – अन्याय 4. हँसना – रोना

2)

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| 1. दुकान | दुकानें |
| 2. मिठाई | मिठाइयाँ |
| 3. सिक्का | सिक्के |
| 4. बात | बातें |
| 5. पैसा | पैसे |
| 6. मज़दूर | मज़दूर |

3) 1. उसकी 2. वह 3. मैंने, आपकी
4. उन्होंने 5. तुम्हें, इसके 6. वही

4) 1. मुझे – मुझे पुस्तक पढ़ना अच्छा लगता है।
2. तुम्हारे – तुम्हारे पिताजी आ गए।
3. कुछ – मुझे कुछ दिनों के लिए मुंबई जाना है।
4. कौन – देश को भ्रष्टाचार से कौन मुक्त करेगा?
5. अपना – अपना देश सबसे महान्।

5) व्यक्ति – राधे, रामलाल
वस्तु –मिठाई, सिक्का
स्थान – दुकान, घर

## श्रुतलेख

प्रसिद्ध, निर्माण, बादशाह, होशियारी, धन्यवाद

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

लालची दुकानदार को सबक सिखाने के लिए बीरबल उसके पास गए। वहाँ से तीन बड़े-बड़े पतीले खरीद लिए। कुछ दिन बाद वह छोटी पतीली लेकर आए और बोले, “यह आपके बड़े पतीले ने बच्चा दिया है।कृपया इसे रख लें।” दुकानदार ने खुशी-खुशी रख लिया। कुछ दिन बाद बीरबल बड़ा पतीला वापस करते हुए बोले, “मुझे यह पसंद नहीं है। मेरे पैसे वापस दो।” दुकानदार ने कहा, “मैंने तुम्हें तीन पतीले दिए थे।”

बीरबल ने कहा, "जी, दो पतीलों की मृत्यु हो गई है। दुकानदार ने कहा - कभी पतीलों की भी मृत्यु होती है? बीरबल ने कहा- जब पतीले के बच्चे पैदा हो सकते हैं, तो उनकी मृत्यु भी हो सकती है।"
लालची दुकानदार को 'सेर का सवा सेर' मिल गया था अतः उसे पैसे वापस करने पड़े।

## 6. संयुक्त परिवार

### लिखित अभ्यास

1) 1. राकेश के परिवार में दादा-दादी, ताया-ताई, माता-पिता, चाचा-चाची और सभी भाई-बहन रहते हैं।
   2. राकेश के दादाजी बच्चों को शाम के समय बाग में घुमाने ले जाते हैं।
   3. राकेश का परिवार रविवार के दिन छुट्टी मनाता है। सभी लोग मिलकर समय गुज़रते हैं, सिनेमा देखने जाते हैं।
   4. राकेश का परिवार सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाता है।

2) परिवार के सदस्य सहायता
दादा जी/ नाना जी - बाज़ार से दवाई आदि लाकर दनो, आवश्यकता के सामान लाकर देन ा
दादी जी/ नानी जी - मंदिर आदि जगह लेकर जाना
पिता जी - बाज़ार से सामान लाकर देना।
माता जी - आवश्यकतानुसार सभी कार्यों में मदद करना
भाई / बहन -पढ़ना-पढ़ाना, खेलना, खिलाना आदि।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1. दादा-दादी, ताया-ताई, माता-पिता, चाचा-चाची, भाई-बहन, साथ-साथ, दो-दो, खेलते-कूदते आदि।
2. सयुंक्त, अध्यापिका, प्रेमपूर्वक, आशीर्वाद, प्रकृति, भाग्यशाली

3) उचित विकल्प का चयन करो।
1. दादा जी घुमाने ले जाते हैं। (है/हैं)
2. हम सभी भाई-बहन रहते हैं। (हैं/है)
3. मेरे दादी जी की दो दुकानें हैं। (हैं/है)
4. रविवार के दिन सभी की छुट्टी रहती है। (है/हैं)
5. माताजी हमें पढ़ाती हैं। (हैं/है)

4) दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।
1. संयुक्त 2. कहानियाँ 3. प्रसन्न 4. भाग्यशाली

## भाषा की बात

1) अप्रसन्न, रोना, शोक, दुश्मन

2) 1. हम सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाते हैं।
   2. दादाजी हमें कहानियाँ सुनाते हैं।
   3. मेरे दादा जी की दुकानें हैं।
   4. मेरी बहनें मुझे राखी बाँधती हैं।
   5. हम अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं।

3) 1. मेरी माता जी अध्यापिका हैं।
   2. दादीजी हमें कहानियाँ सुनाती हैं।
   3. मेरी चाचीजी के दो बच्चे हैं।
   4. लड़की ने चुहिया को पकड़ लिया।
   5. शेरनी जंगल की रानी है।

4) अच्छी किस्मत वाला - भाग्यशाली
   पिताजी के बड़े भाई - ताऊजी
   जो पाठशाला में पढ़ाता है - अध्यापक
   जो मरीज़ों को देखता है - चिकित्सक
   जो जूते बनाता है - मोची

5) नीचे दिए गए वाक्यांशों का उनके एक शब्द से मिलान करो।
   जो कभी न मरे – अमर
   दूसरों से जलने वाला – ईर्ष्यालु
   सौ वर्ष का समय – शताब्दी
   जो सब कुछ जानता हो – सर्वज्ञ
   छोटा भाई – अनुज

## श्रुतलेख

संयुक्त, ख्याल, भाग्यशाली, प्रेमपूर्वक, आशीर्वाद, प्रकृति

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

कुम्हार, नाई, दर्ज़ी, दुकानदार, अध्यापक

## 7. मोबाइल फोन

### लिखित अभ्यास

1) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. मोबाइल फोन एक मित्र की भाँति हमारे प्रतिदिन के कामों में सहायता करता है। यह भोजन से लेकर अस्पताल तक, यात्रा से लेकर विश्राम तक, पुस्तक खरीदने से लेकर व्यापार करने तक सभी कामों में हमारी सहायता करता है।

2. एस.एम.एस द्वारा अपने प्रियजनों को संदेश भेजकर अपना हाल-चाल उन्हें बता सकते हैं तथा उनका हाल-चाल हम जान सकते हैं। हम कहीं पर भी हों, अपनी सुन्दर तस्वीरें भी उन्हें भेज सकते हैं।

3. मोबाइल के पास हर समस्या का समाधान है। कोई दुर्घटना घटी हो या कोई विशेष सूचना हो, मोबाइल तुरंत इसका संदेश भिजवा सकता है।

4. मोबाइल के अधिक उपयोग से समय की बर्बादी, असमय दुर्घटना आदि का शिकार होना, शारीरिक व मानसिक रोगों को निमंत्रण देना, परिवारजनों से दूरियाँ बढ़ना आदि अनेक नुकसान हो सकते हैं।

2) 'मोबाइल' ने मानव के जीवन को जितना सरल, सुगम व सुविधाजनक बना दिया है, वहीं स्वार्थी तत्वों द्वारा इसके दुरुपयोग से हमारी आवश्यक जानकारी इसमें से चुराई जाने लगी है। मोबाइल में हाथ से प्रयोग किए जाने वाले कंप्यूटर की तरह सभी सुविधाएँ उपलब्ध की जाने लगी हैं।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) दरवाज़ा – खट-खट    फोन – ट्रिन-ट्रिन
घड़ी – टिक-टिक    रेल – छुक-छुक

2) 1. मुझमें <u>एस.एम.एस</u> की सुविधा उपलब्ध है।
2. मेरे पास हर <u>समस्या</u> का समाधान है।
3. अपनी प्यारी-प्यारी <u>तस्वीर</u> लेकर अपने दोस्तों को भेज सकते हो।
4. मुझमें <u>अच्छे</u> गुण भी हैं और <u>बुरे</u> भी।

3) 1. ख. लाभ देने वाला
2. ग. जो वस्तुएँ हमें आराम देती हैं
3. ग. जिन वस्तुओं से आनंद की अनुभूति हो

4) देश - दुनिया    छोटा - मोटा
हल्की - फुलकी    सजी - धजी
सूझ - बूझ

5) कंचन - कञ्चन, अंग – अङ्ग, सुन्दर – सुंदर, सम्बन्ध – संबंध, चंदन – चन्दन

## भाषा की बात

1) 1. निर्धन 2. पूरी 3. अँधेरी 4. छोटी 5. लाल

2) तबला – छोटा, बड़ा | कमल – कोमल, गुलाबी

दीपक – सुंदर, लाल | लालटेन – काला, बड़ा

लड़का – मोटा, बलवान | नदी – गहरी, लंबी

3) नमकीन, ऐतिहासिक, धार्मिक, शहरी, वार्षिक

## श्रुतलेख

प्रियजन, वार्तालाप, दुर्घटनाग्रस्त, अनुच्छेद, अनुचित

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

# 8. बढ़ता चल

## लिखित अभ्यास

1) 1. हमें किसी भी चीज़ से घबराकर रुकना नहीं चाहिए। बिना घबराए हमें आगे बढ़ना चाहिए।

2. अँधेरे के बाद उजाला आता है।

3. फूल खिलने के बाद चारों ओर खुशबू फैलती है।

4. हमें उन्नति का मंत्र सीख लेना चाहिए।

2) हमें आज का काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। समय पर काम करने से हमारे जीवन में सुख-शांति रहती है। सफलता के मार्ग खुल जाते हैं और समाज में प्रतिष्ठा मिलती है।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. कभी अँधेरा है कभी सवेरा,

कभी धूप, कभी छाया है।

2. जो कुछ है करना, समय पर करना,

आलस को छोड़ आगे बढ़ना।

2) शब्दों को उनके अर्थ से मिलाओ।

पथ – रास्ता

सवेरा – सुबह

डाल – शाखा

झड़ना – गिरना

3) 1. भारत के झंडे में तीन रंग होते हैं।

2. हमें तिरंगे का अपमान नहीं करना चाहिए।

3. देश की शान झंडा है।

4. प्यारा तिरंगा

5. प्यारा-सारा मान – अपमान शान – महान्

4) 1. बढ़ता चल क्योंकि रुकना मना है। (क्योंकि, इसलिए)

2. सूरज छिप गया इसलिए अँधेरा हो गया। (इसलिए, क्योंकि)

3. समय पर हर काम करो क्योंकि समय वापस नहीं आता। (क्योंकि, लेकिन)

4. उन्नति तो करना है लेकिन कैसे, पता नहीं। (लेकिन, इसलिए)

5. पेड़ हैं किन्तु छाया नहीं। (किन्तु, क्योंकि)

## भाषा की बात

1) मान- अपमान आकाश – धरती ऊँचा – नीचा देश-विदेश

2) 1. कभी धूप, कभी छाया है। 2. रुक न, बढ़ता चल।

3. कभी अँधेरा है, कभी उजाला। 4. आलस को छोड़कर मेहनती बनो।

3) 1. तोड़ना – फूल तोड़ना मना है।

2. भागना – गलती करके भागना नहीं चाहिए।

3. खिलना – फूलों का खिलना मनभावन लगता है।

4. उतरना – ऊँचाई से धीरे-धीरे उतरना चाहिए।

5. मुसकराना – फूलों की तरह मुसकराना सीखो।

4) 1. एक बच्चा तैर रहा है। 2. एक लड़का पतंग उड़ा रहा है।

3. दो बालक पानी पी रहे हैं। 4. दो लड़के गेंद से खेल रहे हैं।

5. एक लड़की छतरी के नीचे बैठी है।

5) फूल- रंग-बिरंगे, सुगंधित, मनमोहक, कोमल

सड़क- लंबी, साफ-सुथरी, शांत, काली

| | | |
|---|---|---|
| 6) तंत्र - मंत्र | रूप - धूप | जोकर - ठोकर |
| भूल - शूल | माया - छाया | चढ़ता - बढ़ता |

### श्रुतलेख

मंत्र, उन्नति, पथ, आलस्य, छाया

### आओ खेल खेलें

खेलना, पढ़ना, लिखना, सोना, हँसना, लड़ना, बैठना, देखना, चलना, कूदना, पूछना, गिरना

### परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

## 9. स्वामी विवेकानंद

### लिखित अभ्यास

1) 1. स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ।
   2. जब नरेन्द्र क्रोधित होते थे, तब उनकी माता 'शिव-शिव' कहकर उन पर पानी छिड़क देती थी।
   3. नरेन्द्र के गुरु स्वामी परमहंस थे। उन्होंने नरेन्द्र को देखकर कहा कि तुम कोई साधारण मनुष्य नहीं हो। ईश्वर ने तुम्हें मानव जाति के कल्याण के लिए भेजा है।
   4. शिकागो के भाषण में नरेन्द्र के आरम्भिक शब्द थे, 'मेरे भाइयो और बहनों।'

2) 1. विवेकानंद के बचपन का नाम नरेन्द्र दत्त था।
   2. नरेन्द्र बचपन से ही निडर, नटखट, बुद्धिमान बालक थे।
   3. उन्हें दवाई, संगीत और विज्ञान का बहुत ज्ञान था।
   4. उन्होंने 18 वर्ष की आयु में ही संन्यास ले लिया।
   5. उन्होंने अपने लेख तथा भाषणों से हिन्दु धर्म का प्रचार-प्रसार किया।

### पढ़ो, समझो और लिखो

| | | |
|---|---|---|
| 1) 1. नरेन्द्र | 2. रामायण | 3. स्वामी परमहंस |
| 4. रामकृष्ण मिशन | 5. कोलकाता | 6. 4 जुलाई 1902 |

2) 1. <u>वे</u> धार्मिक विचारों की महिला थीं।
   2. <u>वे</u> पढ़ने-लिखने में काफी बुद्धिमान हैं।

3. वे भगवान संबंधी प्रश्न पूछते हैं।

4. वह सम्मेलन विद्वानों का है।

5. वह पुस्तक विवेकानंद से जुड़ी है।

3) 1. क्रोधित 2. बुद्धिमान 3. प्रश्न 4. प्रतिष्ठित
5. व्यक्ति 6. सम्मेलनों 7. ख्याति 8. अध्ययन

## भाषा की बात

1) 'र' के विभिन्न रूप वाले शब्द – प्रसिद्ध, अँग्रेज़ी, क्रोधित
संयुक्त वर्ण वाले शब्द – नरेन्द्र, स्वभाव, रामकृष्ण
संज्ञा शब्द – कोलकाता, शिकागो, इंग्लैंड
विशेषण शब्द – साधारण, बुद्धिमान, बड़े

2) 1. नरेन्द्र दत्त बहुत ही बुद्धिमान, नटखट तथा निडर स्वभाव के थे।
2. वे पढ़ने-लिखने में बहुत बुद्धिमान थे।
3. अब तक तुम कहाँ थे?
4. सन् 1881 में उन्होंने संन्यास ले लिया।
5. उन्होंने बहुत कम आयु में ही बड़े सम्मेलनों में भाग लिया।

| | | |
|---|---|---|
| 3) निडर – डरपोक | स्वदेश – विदेश | धरती – आकाश |
| प्रश्न – उत्तर | बुद्धिमान – बुद्धिहीन | आदर – निरादर |

4) 1. उनके, 2. तुम, 3. वे, 4. उन्होंने

5) रेफ़ ( ) कर्म, सर्प, पर्वत, सूर्य
पदेन (-) क्रिया, प्रकाश, प्रताप, प्रहार
पदेन (-) ड्राइवर, राष्ट्र, पेट्रोल, ड्रम

## श्रुतलेख

अँग्रेज़ी, शिकागो, स्वभाव, क्रोधित, बुद्धिमान

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

मोहनदास करमचंद गांधी, 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में, पुतलीबाई, करमचंद गांधी, बैरिस्टर, समाज-सेवा, भारत छोड़ो आंदोलन, राष्ट्रपिता, 30 जनवरी 1948

## 10. साहसी बालिका

### लिखित अभ्यास

1) 1. अँधेरा होने पर बच्चे घर के अंदर चले गए और खाना खाकर सो गए।
   2. समीना ने देखा कि शीला चाची के घर से धुएँ तथा आग की लपटें उठ रही थीं।
   3. समीना के साहसिक कार्य को देखकर प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस पर उसे पुरस्कार दिया गया।
   5. समीना की बुद्धिमानी

2) समीना एक साहसी लड़की थी। समीना आग की लपटें देखकर बिल्कुल नहीं घबराई। वह निडर होकर आग में कूद गई। उसने एक बहादुर लड़की की तरह सबकी जान बचाई। समीना के साहसिक कार्य को देखकर प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस पर उसे पुरस्कृत किया गया।

3) समीना बच्चों को नहीं बचाती तो आग की लपटें बढ़ती जाती। अग्नि-शमन दल को बुलाया जाता। इतनी देर में बच्चे आग से और डर जाते। लोगों द्वारा पानी से आग बुझाने की कोशिशें की जाती। अंत में अनेक समस्याओं के बाद आग नियंत्रित कर बच्चों को बचा लिया जाता।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) हिम्मत, प्रार्थना, दृश्य, प्रशंसा, गणतंत्र, पुरस्कार

2) 1. समीना, 2. कंबल, 3. प्रशंसा, 4. पुरस्कार, 5. धुआँ

3) अ) वृक्ष और वन 2.अ) वन 3. पेड़ शीतल छाया दे कर गरमी से बचाते हैं, वर्षा करते हैं तथा हवा और पानी के वेग को रोकते हैं। 4. कृषि प्रधान देश है। 5. मनुष्य, पशु-पक्षी

4) 1. करते हैं 2. करती हैं 3. तैरती हैं 4. रहता है 5. बैठा है

### भाषा की बात

1) साहसी-कायर, सोना-जागना, बाहर-अंदर, गाँव-शहर, प्यार-घृणा, रंक-राजा

2) अम्मी-अब्बू, नानी-नाना, चाची-चाचा, बहन-भाई, बेटी-बेटा, अध्यापक-अध्यापिका

3) खिड़की-खिड़कियाँ, बच्चा-बच्चे, मसीबत-मुसीबतें, कोशिश-कोशिशें

4) 1. एकवचन 2. बहुवचन 3. एकवचन 4. बहुवचन 5. एकवचन

5) संज्ञा – समीना, गाँव, घर
   सर्वनाम – वह, यह, उसके
   क्रिया – बढ़ना, उठकर, बचाई
   विशेषण – साहसी, दोनों

6) सलामत - मत, लात, मसला,
   समीना - मीना, सना, नामी

### श्रुतलेख

अँधेरा, गृहकार्य, दृश्य, प्रशंसा, पुरस्कार

### आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

### परियोजना कार्य

नदी में बाढ़ आई है। घर और पेड़ सभी पानी में डूबने लगे। जान बचाने के लिए लोग घर के ऊपर चढ़ कर बैठे हैं। पानी में थोड़ा ठहराव होने पर लोग नाव चलाकर अपनी जान बचा रहे हैं। जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## 11. भारत में ऋतुएँ

### लिखित अभ्यास

1) 1. भारत में छः ऋतुएँ होती हैं।
   2. सर्दी में ठंड बढ़ जाती है।
   3. पतझड़ आने पर पेड़ों से पत्ते गिरने लगते हैं।
   4. गर्मी में हम कुल्फ़ी खाते हैं।
   5. हमें वसंत ऋतु सबसे अच्छी लगती है।

2) बसंत में फूल खिलने से इनकी खुशबू चारों ओर फैल जाती है। भँवरे भी फूलों पर गुँजन करते हैं।कोयल भी इस ऋतु में मीठे गीत गाती है।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. वर्षा रानी
   2. शोर-घनघोर, छाई-आई, दीवानी-रानी, काली-माली
   3. झटपट, खटपट, पनघट
   4. वर्षा आने पर गर्मी से राहत मिलती है।
   5. सबसे प्यारी बसंत ऋतु है।
   6. छात्र प्रतिक्रिया

2) छात्र स्वयं शब्द लिखेंगे।

3) 1. आओ प्यारे बच्चो जानें,
   साल में ऋतुएँ होती छः।

2. गर्मी की ऋतु में कुल्फी हम खाएँ,
वर्षा आते ही गर्मी से राहत पाएँ।

3. खिले फूल बसंत में,
खुशबू फैले चारों ओर।

4) गर्मी, वर्षा, वर्षा, सर्दी
गर्मी, सर्दी, पतझड़, बसंत

## भाषा की बात

1) 1. गरमी, 2. बदबू, 3. विषम, 4. शांति

2) साल-वर्ष, ऋतुएँ-मौसम, सम-एक जैसा, खुश बू-सुगंध, राहत-आराम

3) अनुस्वार – बसंत, ठंड अनुनासिक – ऋतुएँ, जाएँ, भँवरे

4) अनुस्वार – कंबल, बंधन, संज्ञा, कंगन, जंगल
अनुनासिक – काँटा, बाँटना, चाँद, आँख, बाँधना

5) बच्चे, पतझड़, कोयल, बसंत, भँवरे

6) ड - डाली, डगर ड़ - सड़क, पहाड़
ढ - ढोल, ढाल ढ़ – पढ़ना, चढ़ाई

## श्रुतलेख

पतझड़, मौसम, खुशबू, ऋतुएँ, भँवरे

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

## 12. पशु से सुरक्षा

### लिखित अभ्यास

1) 1. कुत्ते के काटने से रेबीज़ नामक बीमारी हो जाती है।
   2. काटने वाले कुत्ते पर इसलिए नज़र रखनी चाहिए ताकि पता चलता रहे कि कहीं कुत्ता पागल तो नहीं हो रहा है।
   3. यदि कुत्ते के काटने पर टीका न लगवाएँ तो आदमी की जान को खतरा हो सकता है।
   4. कुत्ते को देखकर कभी नहीं छेड़ना चाहिए। जब वे सो रहे हों, खा रहे हों या अपने बच्चों का ध्यान रख रहे हों, तब उन्हें परेशान नहीं करना चाहिए। पालतू कुत्तों को समय-समय पर टीके लगवाना चाहिए।

2) हम अपने पालतू पशु को प्रतिदिन स्नान कराते हैं। समय-समय पर टीके लगवाते हैं। उसके कारण अन्यों को असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। उसके लिए उपयुक्त व पौष्टिक भोजन ही खिलाते हैं।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. नहीं, 2. हाँ, 3. हाँ, 4. हाँ

2) 1. कुत्ता ज़ोर-ज़ोर से भौंक रहा था।
   2. कभी-कभी बारिश में भीगना अच्छा लगता है।
   3. धीरे-धीरे दिन ढल रहा है।
   4. हमें जगह-जगह पेड़ लगाने चाहिए।

3) 1. पालतू, 2. घाव, 3. कीटाणु, 4. सतर्क

4) छात्र स्वयं शब्द बनाकर लिखेंगे।

### भाषा की बात

1) 1. सर्दी, 2. धीरे, 3. पुरानी, 4. जंगली, 5. मृत्यु, 6. शत्रु

2) व्यक्तिवाचक संज्ञा – संजय, डॉक्टर
   जातिवाचक संज्ञा – मैदान, आवारा

3) 1. वृद्ध 2. शिक्षक 3. पुरुष 4. अध्यापक 5. पुरुष 6. नायक 7. गायक 8. सखा

4) उसे, उसके, मैंने, अपने, वे, अपने, मुझे

5) संयुक्ताक्षर – अस्पताल, अच्छा, डॉक्टर
   द्वित्वाक्षर – कुत्ता, बच्चा

6) संयुक्ताक्षर –1. क्या, 3. अच्छा, प्रश्न, 4. क्या, अच्छी
   द्वित्वाक्षर – 1. बच्ची, 2. कुत्ते

## श्रुतलेख

गर्मियों, कीटाणु, पालतू, खतरा, धारा

## आओ खेल खेलें

कुत्ते को देखकर भागना नहीं चाहिए। सोते समय, खाते समय कुत्तों को छेड़ना नहीं चाहिए। कुत्ते के काटने पर सबसे पहले हमें घाव को अच्छी तरह धो लेना चाहिए। घाव को हाइड्रोजन पेराऑक्टसाइड से साफ करें। खून बंद होने पर सबसे पहले डॉक्टर के पास जाएँ। रेबीज़ का टीका लगवाएँ।

## परियोजना कार्य

रेबीज़ एक जानलेवा रोग है, जिसे 'हाइड्रोफोबिया', 'लाइसा', 'पागलपन' भी कहते हैं। यह रोग अकसर जानवरों को ही होता है। किसी पागल जानवर के काट लेने पर मनुष्यों को भी यह रोग होने की संभावना है। रेबीज़ 'रहेब्डो वायरस' नामक विषाणु से फैलता है। ये विषाणु तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुँचाकर शरीर को प्रभावित करते हैं। अक्सर कुत्ते और अन्य जानवर अपने नाखूनों को चाटते हैं। जिससे रेबीज़ के विषाणु लार से नाखूनों में चले जाते हैं। जब ये खरोंच देते हैं तो विषाणु भी मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।

# 13. छुट्टी पत्र

## लिखित अभ्यास

1) 1. छुट्टी पत्र प्रधानाध्यापक, कक्षाध्यापक को लिखा जाता है।
   2. छुट्टी पत्र में दिनांक नीचे बाईं ओर लिखा जाता है।
   3. पत्र में आपका आज्ञाकारी छात्र नीचे बाईं ओर लिखा जाता है।
   4. यह पत्र चौथी कक्षा की छात्रा ने लिखा है।

2) सेवा में

पद तथा पता

विषय

संबोधन

मूल विषय

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) श्रीमान, माध्यमिक, असमर्थ, धन्यवाद, आज्ञाकारी, क्रमांक

2) नृप, पृथ्वी, गृह, कृष्ण, तृण

3) डॉक्टर, प्रधानाध्यापक, स्थान, धन्यवाद

## भाषा की बात

1) प्रधानाध्यापक, हैदराबाद, डॉक्टर, पाठशाला, छात्र

2) पाठशाला-स्कूल, चौथी-चतुर्थी, छात्रा-बालिका, दिन-दिवस, छुट्टी-अवकाश, धन्यवाद-शुक्रिया

3) छात्र-छात्रा, प्रधानाध्यापक-प्रधानाध्यापिका, महोदय-महोदया, श्रीमान-श्रीमती
राजा-रानी, कवि-कवयित्री, धोबी-धोबिन, माली-मालिन

4) 1. मालिन ने गमले सजाए।
2. कवयित्री ने काव्य लिखा।
3. मेरा गुड्डा बहुत सुन्दर है।
4. बकरा घास चर रहा है।
5. गुरुआइन शिष्या को पढ़ा रही है।

## श्रुतलेख

छात्रा, असमर्थ, क्रमांक, छुट्टी, आज्ञाकारी

## आओ खेल खेलें

शब्द – गंगा, राजा, कावेरी, नदी, मैया, भैया, लोमड़ी, लड़का, शेर, कोयल, पिताजी, तोता, बहन, कुत्ता, चुहिया, मालिन, चोर, बालिका, धरती, आकाश, चाचाजी, मकड़ी, चींटी

## परियोजना कार्य

पता......

...............

........................,

प्रिय मित्र,

तुम्हारा पत्र मिला। मेरा विचार है कि इस बार गर्मी की छुट्टियाँ तुमहमारे साथ व्यतीत करो। देवघर एक तीर्थस्थान है। यहाँ श्रावणमास में विशाल मेला लगता है। यहाँ रावणेश्वर महादेवका भव्य एवं प्राचीन मंदिर है। नौलखा मंदिर और अन्य दर्शनीय स्थलों के मिलकर दर्शन करेंगे। मैं तुम्हारे उत्तर की प्रतीक्षा में हूँ।

तुम्हारी सखी

..................

## 14. दीपावली का त्योहार

### लिखित अभ्यास

1) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. बच्चों को कल से चार दिन की छुट्टियाँ थी, इसलिए वे खुश थे।

2. गुरुजी ने रमा से कहा कि हम प्रतिदिन एक जैसा काम करते हैं, इससे हमारे जीवन में नीरसता आ जाती है। त्योहार हमारे जीवन में बदलाव लाते हैं।

3. इस दिन श्रीरामचन्द्र 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापस आए थे, इसी खुशी में दीपावली का त्योहार मनाया जाता है।

4. रमज़ान के महीने में तीस दिन रोज़े रखे जाते हैं। ईद का चाँद देखकर रमज़ान का त्योहार मनाया जाता है।

5. क्रिसमस का त्योहार ईसा मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। गिरजाघरों में प्रार्थना गीत गाए जाते हैं। केक्क काटे जाते हैं।

2) मुझे सभी त्योहार अच्छे लगते हैं। दीपावली का त्योहार मेरा प्रिय त्योहार है। इस दिन हमें नए कपड़े और मिठाइयाँ मिलती हैं। हम बहुत सारे पटाखे भी छोड़ते हैं।

3) लोहड़ी – पारंपरिक वस्त्र, गजक, रेबड़ियाँ, मूँगफ़ली, लावा

होली – नए व सामान्य वस्त्र, मिठाई

रक्षाबंधन – नए कपड़े, मिठाई

ईद – कुर्ता-पैजामा, टोपी (शेरवानी), सेवइयाँ

दीपावली – नए कपड़े, मिठाई, पकवान

क्रिसमस – नए कपड़े, केक

ओणम – नए कपड़े, दूध के पकवान, खीर

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) छुट्टियाँ, क्यों, हाँ, बाँटते

संस्कृति, मिठाइयाँ, चाँद, घंटा

सेवइयाँ, सेंटा, हमें, बच्चों

**अनेकार्थी शब्द**

अंक – गोद, संख्या

अंबर – वस्त्र, आकाश

कल – आने वाला कल, बीता हुआ कल

कनक – धतूरा, सोना

तीर – किनारा, बाण

2) 1. पाठशाला 2. उत्सुक 3. संस्कृति 4. प्रसिद्ध 5. उपहार

3) मसजिद – चित्र 4

गिरजाघर – चित्र 3

मंदिर – चित्र 1

गुरुद्वारा – चित्र 2

4) छात्र दिए गए शब्दों को पाठ में स्वयं रेखांकित करेंगे।

## भाषा की बात

1) पाठशाला-पाठशालाएँ, खुशी-खुशियाँ, रोज़ा-रोज़े, छुट्टी-छुट्टियाँ, मिठाई-मिठाइयाँ, प्रार्थना-प्रार्थनाएँ

2) 1. आज मेरी पाठशाला बंद है।

2. अध्यापक का अभिवादन करो।

3. रमज़ान का त्योहार मुसलमान भाईयों का प्रसिद्ध त्योहार है।

4. हम क्रिसमस के दिन गिरजाघर जाते हैं।

3) रुक, शुरू, पुरुष, रुपया, रूही, मरूस्थल

4) 1. गुरुजी, हम त्योहार क्यों मनाते हैं? 2. गुरुजी, वह क्या है?

5) 1. गुरुजी, हम त्योहार क्यों मनाते हैं?

2. गुरुजी, वह क्या है?

3. हमारे हर त्योहार के साथ कोई–न–कोई कारण जुड़ा है।

4. गिरजाघरों में प्रार्थना के गीत गाते हैं।

5. रमा, हम उत्सुकता से त्योहार का इंतज़ार करते हैं!

6) । पूर्णविराम , अर्द्धविराम " " उद्धरण ? प्रश्न चिह्न ( ) कोष्टक

## श्रुतलेख

अंतराल, अभिवादन, उत्सुक, नीरसता, धूम-धाम

## आओ खेल खेलें

छात्र-प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

क्रिसमस, ईद, दीपावली, लोहड़ी

## 15. कूल कप्तान

### लिखित अभ्यास

1) 1. मिताली को प्रोत्साहित करने के लिए माता-पिता ने अनेक बलिदान दिए। पिता ने अपने खर्चों में कटौती कर दी। क्रिकेट के अभ्यास के बाद थककर आई मेताली की देखभाल के लिए माँ ने अपनी नौकरी छोड़ दी।

2. एक दिन मिताली के भाई की क्रिकेट-कोचिंग चल रही थी। तब मिताली ने भी खेल-खेल में गेंद को घुमा दिया। यह देखकर क्रिकेटर ज्योति प्रसाद ने उनके पिता से कहा, "यह क्रिकेट की अच्छी खिलाड़ी बनेगी।"

3. मिताली की रुचि बचपन से ही 'भरतनाट्यम' में रही। मिताली ने भरतनाट्यम में प्रशिक्षण प्राप्त करके मंच पर अनेक सफल कार्यक्रम भी दिए।

4. मिताली अपने सभी निर्णय शांति से लेती हैं। इसलिए वे 'कूल कप्तान' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

5. मिताली मैदान में खेलने जाने से पहले पुस्तक पढ़ती हैं। उनका मानना है कि इससे मन शांत रहता है।

2) सुधा शाह, राजेश्वरी ढोलकिया, वृंदा भगत आदि।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. कृषक को किसी से घृणा नहीं है। वह सरल व्यक्ति है।

2. ऋषि के गृह के निकट दो वृक्ष हैं।

3. अमृत कहता है, "पृथ्वी पर घृणा के पात्र मत बनो। मातृभूमि के लिए वृथा वचन मत कहो।"

4. पृथ्वी – भू, धरा घृणा – नफ़रत, द्वेष

5. मातृभूमि-प्रेम

2) 1. क्रिकेट 2. 1999

3. कूल कप्तान 4. अर्जुन

5. 2005

3) छात्र वाक्य स्वयं पढ़ेंगे।

4) छात्र स्वयं शब्द लिखेंगे।

### भाषा की बात

1) 1. नृत्य 2. मातृभूमि 3. नृप, मृग 4. वृक्ष

2) 1. नृत्य – नृत्य बहुत सुन्दर कला है।

2. मातृभूमि – हम मातृभूमि से प्रेम करते हैं।

3. क) नृप – नृप प्रजा का सेवक है।

ख) मृग – मृग सुन्दर दिखता है।

4. वृक्ष – वृक्ष फलों से लदा है।

3) 1. माता, जननी 2. कामयाब, उन्नति 3. सुस्त, निखट्टू

4. जगत, संसार 5. विजय, फतह

4) 1. कार्यक्रम – विद्यालय में वार्षिक कार्यक्रम सफल रहा।

2. प्रोत्साहित – खिलाड़ियों को उनके परिवार ने प्रोत्साहित किया।

3. बलिदान – वीर देश के लिए बलिदान देते हैं।

4. नृत्य – नृत्य एक अद्भुत कला है।

5. पुरस्कार – विजयी होने पर सभी सदस्यों को पुरस्कार मिला।

**श्रुतलेख**

जोधपुर, भरतनाट्यम, प्रशिक्षण, कार्यक्रम, अनिच्छा

**आओ खेल खेलें**

एक चिड़िया गायब है।

गुब्बारे की आँखें गायब हैं।

लड़के के सिर से टोपी गायब है।

लड़की की चोटी गायब है।

लड़के के बाल काले हैं।

गेंद गायब है।

**परियोजना कार्य**

छात्र प्रतिक्रिया

## 16. गिनती

छात्र स्वयं गिनती लिखेंगे।

# अभ्यास पत्र 1

**1) निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

माता-पिता, गुरुजनों का करें सम्मान,
भूल से भी न करें हम कोई गलत काम।
उन्नति के पथ पर बढ़ते जाएँ,
देश की सेवा में हाथ बँटाएँ।

**प्रश्न-**

1. हमें किसका सम्मान करना चाहिए?
2. हमें क्या भूल नहीं करनी चाहिए?
3. कविता का शीर्षक लिखो।
4. हमें किस पथ पर बढ़ते जाना है?
   अ) उन्नति ☐  आ) अवनति ☐  इ) दोनों ☐
5. हमें किसकी सेवा करनी चाहिए?
   अ) स्वयं की ☐  आ) विदेश की ☐  इ) देश की ☐

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. हमें किसका गुणगान करना चाहिए?
2. मेमने की बुद्धिमत्ता के बारे में बताओ।
3. संतुलित भोजन किसे कहते हैं?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ।**

1. भेदभाव -
2. बुद्धिमान –

**2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।**

1. नटखट -
2. संतुलित –

**4) निर्देशानुसार करो।**

**1. समान लय वाले शब्द लिखो।**

काम –

सेवा –

**2. निम्न वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन करो।**

1. किसान जंगल ........ किनारे रहता था। (के/को)

2. बकरी ....... छोटा बच्चा नटखट था। (के/का)

**3. निम्न वाक्यों में उचित स्थान पर अल्पविराम लगाओ।**

1. सफाई तन की घर की और बाहर की होनी चाहिए।

2. वस्तु स्थान व्यक्ति के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**5) आश्चर्यजनक प्रश्न**

**प्र. स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण को भी सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इसके लिए हमें क्या करना चाहिए? सोचकर लिखो।**

(उद्देश्य - पाठ 1 से 3 तक अर्जित ज्ञान की समझ जानने हेतु हैं।)

# अभ्यास पत्र 2

**1) निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

राधे ने कहा- "मैंने तो आपकी मिठाई नहीं खाई। दाम तो मिठाई के चुकाए जाते हैं, भला खुशबू के भी कोई पैसे लेता है?"

रामलाल ने कहा- "यह सब मैं नहीं जानता। तुम दाम चुकाओ वरना मैं तुम्हारी शिकायत बादशाह से करूँगा। वही न्याय करेंगे। तब तो तुम्हें दाम चुकाने ही पड़ेंगे।"

प्रश्न-

**1.** राधे ने क्या कहा?

**2.** गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**3.** किसके दाम चुकाने की बात कही गई है?

**4.** राधे, रामलाल – कौनसे शब्द हैं?

अ) संज्ञा ☐ आ) सर्वनाम ☐ इ) क्रिया ☐

**5.** बादशाह का समानार्थी शब्द क्या है?

अ) मंत्री ☐ आ) राजा ☐ इ) कर्मचारी ☐

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. झरना ठोकर खाकर क्या करता है?
2. दादाजी बच्चों के साथ समय कैसे बिताते हैं?
3. राधे मिठाई क्यों नहीं खरीद पाता था?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. सही उत्तर पर निशान लगाओ।**

**1.** हमारी प्यास कौन बुझाता है?

झरना ( ) आग ( ) धरती ( )

**2.** बीरबल ने राधे को क्या दिया?

मिठाई ( ) सिक्का ( ) खुशबू ( )

**2. निम्न शब्दों से वाक्य बनाओ।**

1. घाटी –

2. संयुक्त -

**4) निर्देशानुसार करो।**

**1. निम्न वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर घेरा लगाओ।**

1. मैंने तो आपकी मिठाई नहीं खाई।

2. तुम्हें इसके दाम चुकाने होंगे।

**2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो।**

1. जो पाठशाला में पढ़ाता है। -

2. जो सब कुछ जानता हो। -

**3. पर्यायवाची शब्द लिखो।**

1. धरती –

2. राह –

**5) आश्चर्यजनक प्रश्न**

**प्र. चतुर बीरबल और अकबर में से किसी एक से मिलने का अवसर मिले तो आप किनसे मिलना चाहेंगे और क्यों**?

(उद्देश्य - पाठ 4 से 6 तक अर्जित ज्ञान की समझ जानने हेतु हैं।)

# अभ्यास पत्र 3

**1) निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

देखो बच्चो झंडा प्यारा,
तीन रंगों का मेल है सारा।
सदा रहे यह झंडा ऊँचा,
आकाश को रहे यह छूता।
सदा करो तुम इसका मान,
करो नहीं इसका अपमान।
झंडा है यह देश की शान,
बना रहे यह सदा महान।

प्रश्न–

1. कविता में किसके बारे में बताया गया है?
2. कविता को उचित शीर्षक दो।
3. झंडे में कितने रंग होते हैं?
4. झंडा क्या है?

अ) महान ☐ आ) देश की शान ☐ इ) दोनों ☐

5. 'ऊँचा' का विलोम लिखो।

अ) ऊपर ☐ आ) नीचा ☐ इ) साँचा ☐

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

**1.** मोबाइल के पास किन समस्याओं के समाधान है?
**2.** हमें कौनसा मंत्र सीख लेना चाहिए?
**3.** शिकागो के भाषण में विवेकानंद के आरम्भिक शब्द क्या थे?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. शब्दों को उनके अर्थ से मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| पथ | शाखा |
| डाल | रास्ता |
| सवेरा | सुस्त |
| आलसी | सुबह |

**2. सही उत्तर पर सही का निशान लगाओ।**

**1.** रामकृष्ण मिशन की स्थापना कहाँ हुई**?**

अ) मुम्बई ( ) आ) चेन्नई ( ) इ) कोलकाता ( )

**2.** नरेन्द्र के गुरु का क्या नाम था**?**

अ) स्वामी शिवानंद ( ) आ) स्वामी परमहंस ( ) इ) स्वामी शंकराचार्य ( )

## 4) निर्देशानुसार करो।

**1. उचित विशेषण लिखकर रिक्त स्थान भरो।**

1. ..................व्यक्ति की सहायता करो। (निर्धन/सधन)

2. कल ......................रात थी। (अँधेरा/अँधेरी)

**2. निम्न वाक्यों में क्रिया शब्द रेखांकित करो।**

1. हम पढ़ रहे हैं।

2. राम खेल रहा है।

**3. दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाओ।**

1. वे पढ़ने लिखने में बहुत होशियार थे

2. नरेन्द्र दत्त बहुत ही बुद्धिमान नटखट तथा निडर स्वभाव के थे।

## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. मोबाइल फोन की तरह और किस उपकरण का हम अधिक प्रयोग करते हैं? बताओ।**

(उद्देश्य - पाठ 7 से 9 तक अर्जित ज्ञान की समझ जानने हेतु हैं।)

# अभ्यास पत्र 4

**1) निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

चमचम-चमचम बिजली चमके,
रिमझिम-रिमझिम बादल बरसे।
गरज-गरजकर करते शोर,
छाई काली घटा घनघोर।

प्रश्न-

1. बिजली कैसे चमक रही है?
2. बादल कैसे बरस रहे हैं?
3. कविता को उचित शीर्षक दो।
4. 'शोर' का समतुकांत शब्द पहचानो।

अ) चमके ☐ आ) बरसे ☐ इ) घनघोर ☐

5. घटा के लिए प्रयुक्त 'काली' शब्द क्या है?

अ) क्रिया ☐ आ) सर्वनाम ☐ इ) विशेषण ☐

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. समीना के साहसिक कार्य को देखकर क्या किया गया?
2. भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं?
3. यदि कुत्ते के काटने पर टीका न लगवाएँ तो क्या होगा?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

1. वह दोनों बच्चों को .............में लपेटकर ले आई।
2. गणतंत्र दिवस पर उसे .................दिया गया।
3. सभी ................प्रशंसा करने लगे।
4. ................ने उठकर खिड़की से बाहर झाँका।

**2. हाँ या नहीं का निशान लगाओ।**

1. पिताजी ने घाव को अच्छी तरह धोया। ( )
2. कुत्ते को देखकर हमें दौड़ना चाहिए। ( )

## 4) निर्देशानुसार करो।

**1. रेखांकित शब्दों के वचन पहचानकर लिखो।**

1. हिमालय से कई नदियाँ निकलती हैं। - ....................

2. राम दशरथ के पुत्र थे। - .....................

**2. व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञा के दो-दो उदाहरण लिखो।**

.................... ....................

.................... ....................

**3. दिए गए शब्दों में अनुस्वार और अनुनासिक की मात्रा लगाओ।**

कबल काटा सज्ञा चाद

## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. बहादुर बच्चों के सम्मान में क्या-क्या किया जाता है? लिखो।**

(उद्देश्य - पाठ 10 से 12 तक अर्जित ज्ञान की समझ जानने हेतु हैं।)

# अभ्यास पत्र 5

**1) निम्न अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

एक जंगल हरा-भरा था। वहाँ कई जानवर रहते थे। एक कछुआ तथा दो हंस गहरे मित्र थे। वे तालाब के किनारे मिलकर मछलियाँ पकड़कर खाते थे। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं हुई थी। तालाब तथा पेड़-पौधे सूख गए। हंसों ने दूसरे जंगल में पानी से भरे तालाब देखे तथा वहाँ जाकर रहने का विचार किया।

प्रश्न-

1. कौन-कौन मित्र थे?
2. गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
3. मित्र मिलकर क्या करते थे?
4. हंसों ने दूसरे जंगल में क्या देखा?

अ) मछलियाँ ☐ आ) पेड़-पौधे ☐ इ) पानी से भरे तालाब ☐

5. वहाँ कई जानवर रहते थे। (रेखांकित शब्द का समानार्थी पहचानो।)

अ) मनुष्य ☐ आ) जानवरों ☐ इ) पशु ☐

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. छुट्टी पत्र किसे लिखा जाता है?
2. दीपावली का त्योहार क्यों मनाते हैं?
3. मिताली को 'कूल कप्तान' क्यों कहा जाता है?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. शब्दों की शुद्ध वर्तनी पर घेरा लगाओ।**

| | | |
|---|---|---|
| शीरीमान | श्रिमान | श्रीमान |
| आगियाकारी | आज्ञाकारी | आग्याकारी |
| अस्मर्थ | असमथ्र | असमर्थ |
| क्रमांक | क्रिमांक | कृमांक |

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।**

1. त्योहारों का संबंध हमारी ................ से भी जुड़ा है।
2. ईद मुलमान भाइयों का ..................त्योहार है।

## 4) निर्देशानुसार करो।

**1. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखो।**

1. माली ने गमले सजाए। -
2. मेरी गुड़िया बहुत सुन्दर है। -

**2.1 अनेकार्थी शब्दों के दो उदाहरण लिखो।**

**2.2 अंकों में गिनती लिखो।**

इकतालीस - .....................          उनचास - ................

**3. वर्ण को शब्द से जोड़कर नए शब्द बनाओ।**




## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. दी गई तालिका में स्त्रीलिंग शब्दों के ऊपर ⬭ व पुल्लिंग शब्दों पर ▭ का चिह्न बनाएँ।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प | र्व | त | पे | क |
| म | चाँ | न | पे | ड़ |
| ही | दी | दी | शे | र |
| ना | दि | न | व | मै |
| बा | द | ल | र्षा | ना |

(उद्देश्य - पाठ 13 से 16 तक अर्जित ज्ञान की समझ जानने हेतु हैं।)